# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024








# ALLEN

+91-9513736499

www.allen.in

JEE (MAIN + ADV.) | JEE (MAIN) | NEET (UG)
OLYMPIADS | CLASS 6-10

## BATCHES STARTING FROM **MAY 2024** ONWARDS

Register Now

A glimpse of our Classroom Program performance over the last 10 years

| Rank #1 in JEE, AIPMT, NEET-UG and AIIMS | MEDICAL Selections Eligible for Counselling | IIT-JEE Advanced Selections | Medals won by ALLEN Students in International Olympiad (IJSO) |
|---|---|---|---|
| 16 Times | 4,33,000 | 30,000 | 37 out of 48 |

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024


**ऐसा भी मतदान केंद्र...बच्चों के लिए विशेष इंतजाम**



रीवा। जिले के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय स्थित मतदान केंद पर महिला मतदाताओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।






*6 लोकसभा क्षेत्रों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और देर शाम करीब 7 बजे तक चला*

# मतदान पर भारी पड़ा 'तापमान'

**औसत 58.35 फीसदी मतदान**

पहले चरण के मुकाबले भी करीब 9 फीसदी कम




*छतरपुर। टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक -1 छतरपुर की साज सज्जा खास रही। यहां बेहतर इंतजाम भी किए गए थे।*

**सबसे अधिक मतदान होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में : 67.16 फीसदी**

**सबसे कम रीवा क्षेत्र में : महज 48.67 फीसदी**

*दमोह में घोड़े पर सवार होकर वोट देने आया दूल्हा*

*दमोह में ड्यूटी पर तैनात एक वनकर्मी को हार्ट अटैक आ गया*



**यहां इतना मतदान**

| | |
|---|---|
| टीकमगढ़ | 59.79 |
| दमोह | 56.18 |
| खजुराहो | 56.44 |
| सतना | 61.87 |
| रीवा | 48.67 |
| होशंगाबाद | 67.16 |

फ़ीसदी मतदान



दमोह लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बंडा विधानसभा में तिन्सुआ मतदान केंद्र पर दूल्हा-दुल्हन ने शादी के बाद मतदान का कर्तव्य निभाया।

सागर जिले की देवरी कलां विधानसभा के सिलारी गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। वे पेयजल समस्या को लेकर नाराज थे। 1100 मतदाता वाले इस गांव में केवल 60 वोट ही पड़े।

**पानी नहीं तो वोट नहीं, पड़े सिर्फ 60 वोट**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में दूसरे चरण के 6 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान देर शाम तक चला। पहले चरण के मुकाबले करीब 9 फीसदी तक मतदान कम हुआ है।

इन 6 लोकसभा क्षेत्रों में औसत 58.35 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें सबसे कम 48.67 फीसदी मतदान रीवा लोकसभा क्षेत्र में हुआ है। चुनाव आयोग ने शाम 6 बजे तक के मतदान के आंकड़े जारी किए हैं। कुछ क्षेत्रों में देर शाम तक मतदान की खबर है। सभी क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। कहीं से किसी विवाद की जानकारी नहीं मिली। मतदान के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद किए गए थे। हालांकि, इस चरण में भारी गर्मी और मतदाताओं की उदासीनता के चलते ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पिपरिया में सबसे ज्यादा 73 फीसदी से अधिक मतदान



मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि टीकमगढ़ में 59.79, दमोह 56.18, खजुराहो 56.44, सतना में 61.87, रीवा 48.67 और होशंगाबाद में 67.16 फ़ीसदी मतदान हुआ हैं। होशंगाबाद की पिपरिया में सबसे ज्यादा 73 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। इसी तरह सिवनी मालवा में सबसे ज्यादा 69.76 फीसदी विधानसभा वार वोटिंग हुई है। राजन ने कहा कि रीवा के त्योथर विधानसभा में सबसे कम में 45.4 फ़ीसदी वोटिंग हुई है।

### 66.57 फीसदी मतदान हुआ था 2019 में

यदि 2019 के लोकसभा चुनाव के मतदान को देखा जाए तो टीकमगढ़ में 2019 में 66.57 फीसदी मतदान हुआ था, जबकि दमोह में 65.82, खजुराहो में 68.28, सतना में 70.71, रीवा में 60.33 और होशंगाबाद में 74.19 फीसदी मतदान हुआ था। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनाव में कमोबेश इसी तरह से मतदान हुआ था।

### मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा

सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहा। कहीं से कोई विवाद आदि की खबर नहीं मिली। कुछ इलाकों में जरूर ईवीएम संबंधी शिकायत आई थी, किंतु उन्हें फौरन ही सुधार करा लिया गया। जहां पर ईवीएम व वीवीपैट संबंधी दिक्कत आई, वहां पर तत्काल बदलकर मतदान शुरू कराया गया। मतदान के दौरान काफी सख्ती रही। ▶▶ पढ़ें पेज 06 भी

**पिछली बार एनडीए को 58 व कांग्रेस को मिली थीं 21 सीटें**



नार्थ त्रिपुरा में मतदान केंद्र के बाहर बुजुर्ग महिला।

# सर्वाधिक वोट पड़े त्रिपुरा में 78.63%, सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में 54.34%

दूसरे चरण में कुल 1.67 लाख पोलिंग स्टेशन पर 15.88 करोड़ मतदाता, इनमें से 8.08 करोड़ पुरुष 7.8 करोड़ महिलाएं और 5929 थर्ड जेंडर वोटर



इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में मतदान किया। वह लोगों से बातचीत करते नजर आए।



पूर्व पीएम और जनता दल (एस) के प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने कर्नाटक की हसन लोकसभा सीट से मतदान किया।

**शाम सात बजे तक का मतदान प्रतिशत**

| राज्य | प्रतिशत |
|---|---|
| त्रिपुरा | 78.63 |
| मणिपुर | 77.18 |
| छत्तीसगढ़ | 73.05 |
| पश्चिम बंगाल | 71.84 |
| असम | 70.68 |
| जम्मू कश्मीर | 71.63 |
| कर्नाटक | 67.00 |
| केरल | 65.28 |
| राजस्थान | 63.74 |
| मध्य प्रदेश | 56.60 |
| बिहार | 54.91 |
| यूपी | 54.74 |
| महाराष्ट्र | 54.34 |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शुक्रवार को हुए दूसरे चरण के महोत्सव में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। पहले इस चरण में 89 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। दूसरे चरण में 1,202 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष, 102 महिला और दो थर्ड जेंडर उम्मीदवार हैं। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। दूसरे चरण में केरल ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 8 भी

**केंद्रीय वित्तमंत्री ने किया मतदान**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंगलुरु के जयनगर मतदान केंद्र पर मतदान किया। सीतारमण के साथ उनके पिता ने भी वोट डाला।



भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ बेंगलुरु में वोट डालने के लिए लाइन में खड़े रहे।

### एसएएफ जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या



**गरियाबंद/ रसेला।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी पर तैनात एसएएफ के जवान ने सुबह 10 बजे सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम जियालाल पवार (52) है, वह बड़वानी जिले के लिंगवा का रहने वाला है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### डेढ़ लाख रिश्वत लेते पटवारी पकड़ाया

**देवास।** लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने पटवारी मनोहर बिलावलिया को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है।



पटवारी बिलावलिया देवास जिले के बरोठा में पदस्थ है। उसके पास से 50000 नकद और 1 लाख रुपए का चेक जब्त किया गया है। शिकायतकर्ता घनश्याम चौधरी की शिकायत पर पटवारी को पकड़ा गया। एसपी अनिल विश्वकर्मा लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत मिली थी।

**मालदा में भाजपा की रैली में उमड़े जनसैलाब की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आपका प्यार मुझे ये सोचने पर मजबूर करता है**

मैं आपका प्यार विकास के जरिए लौटाऊंगा

# मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या मेरा अगला जन्म बंगाल में होगा

◆ बंगाल के युवाओं को टीएमसी की 'कट-एंड-कमीशन' संस्कृति के कारण नुकसान उठाना पड़ा

एजेंसी ▶▶ मालदा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव रैली में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा और राज्य के लोगों के प्रति अपना स्नेह दोहराया।

मालदा में भाजपा की रैली में उमड़े जनसैलाब की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि आपका प्यार मुझे सोचने पर मजबूर करता है कि मैं अपने पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या मेरा अगला जन्म बंगाल में ▶▶ शेष पेज 2 पर



**टीएमसी युवाओं के भविष्य से खेल रही**

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में नौकरी घोटाले को लेकर टीएमसी पर भी हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगभग 26,000 नौकरियों को रद्द करने पर भी टीएमसी की आलोचना की। बंगाल के युवाओं को टीएमसी की 'कट-एंड-कमीशन' संस्कृति के कारण नुकसान उठाना पड़ा है, जो अब 'घोटाले' का पर्याय बन गया है। टीएमसी घोटालों में लिप्त है जिसका खामियाजा राज्य के लोगों को भुगतना पड़ता है। पार्टी बंगाल के युवाओं के भविष्य के साथ खेल रही है। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में टीएमसी के शामिल होने ने ▶▶ शेष पेज 2 पर

**राहुल बोले- हर ग्रेजुएट को देंगे अप्रेंटिसशिप का अधिकार**

## युवाओं के बैंक में हर साल एक लाख डालेंगे ठकाठक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी 24 घंटे आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। बीते दस साल में ▶▶ शेष पेज 2 पर

■ ग्रेजुएट को सरकार से एक साल की नौकरी मांगने का अधिकार होगा

**शालिग्राम सहित 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया**

# धीरेंद्र शास्त्री के भाई ने टोल प्लाजा कर्मियों को पीटा

◆ पहले शादी समारोह में घुसकर लहराया था तमंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग एक बार फिर विवादों में है। आरोप है कि शालिग्राम गर्ग ने देर रात टोल प्लाजा कर्मियों के साथ मारपीट की।

इसको लेकर गुलगंज थाने में आईपीसी की धारा 323, 294, 506, 427(34) के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर शालिग्राम गर्ग सहित 10 लोगों पर मामला दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। जानकारी के अनुसार मामला छतरपुर जिले में गुलगंज थाना क्षेत्र का है।



**पहले भी शालिग्राम पर लग चुके हैं गंभीर आरोप**

बता दें कि शालिग्राम गर्ग इससे पहले भी विवादों में रह चुका है। फरवरी 2023 में छतरपुर पुलिस ने धीरेंद्र शास्त्री के छोटे भाई सौरभ उर्फ शालिग्राम गर्ग के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। 'छोटे महाराज' के नाम से फेमस शालिग्राम पर आरोप था कि उसने एक शादी समारोह में घुसकर दलित परिवार को तमंचे के बल पर धमकाया, जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट भी की।

5 धाकड़ नागर समाज के आदर्श सामूहिक...

7 बिस्तर पर बैठीं 92 साल की पेप कंवर और बुजुर्ग...


# यात्री वाहनों में जीपीएस-पैनिक बटन सख्ती से लगवाएं, तब तक बसों पर रखें पूरी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*अचानक कोकता आरटीओ निरीक्षण करने पहुंचे परिवहन आयुक्त गुप्ता, लाइसेंस ट्रैक जल्द चालू कराने एनआईसी को प्रस्ताव भेजने के लिए कहा*

परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता शुक्रवार सुबह करीब 12:45 पर अचानक पहली बार कोकता स्थित आरटीओ कार्यालय पहुंचे। वह सबसे पहले स्टेट मानिटरिंग सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने बसों में जीपीएस व पैनिक बटन लगाए जाने को लेकर सेंटर प्रभारी से जानकारी ली। उन्होंने जिन यात्री वाहनों में जीपीएस व पैनिक बटन नहीं लगे हैं, उनमें सख्ती करके लगवाए जाने के निर्देश दिए।

परिवहन आयुक्त गुप्ता ने कहा कि इससे बसों में सफर करने वाली महिलाओं की जरूरत पड़ने पर संबंधित थाने की पुलिस मदद करने के लिए पहुंच सके। जब तक बसों में ये नहीं लगेंगे, तब तक सेंटर से 100 प्रतिशत बसों पर नहीं रखी जाए।

सभी शाखाओं का निरीक्षण कर कर्मचारी व आवेदकों से की बातचीत



### आरटीओ तिवारी से कहा- डीएल के लिए ट्रैक पर वाहन नहीं चलेंगे तो यह खराब हो जाएगा

इसके बाद वे आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक पर पहुंचे। जहां उन्होंने वाहनों की टेस्ट की सुविधा जल्द ही शुरू करने के निर्देश दिए। आयुक्त गुप्ता ने आरटीओ संजय तिवारी से कहा कि परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने से पहले ट्रैक पर लोगों से संबंधित वाहन क्यों नहीं चलवाए जाते हैं। इस पर आरटीओ तिवारी ने कहा कि यह काम एनआइसी के सहयोग से होगा। पूर्व में प्रस्ताव भेजा था। इस पर आयुक्त ने कहा कि फिर से प्रस्ताव भेजिए। इसे जल्द शुरू कराएं, नहीं तो यह खराब हो जाएगा।



### सभी आवेदकों के काम समय पर करें

परिवहन आयुक्त ने आरटीओ कर्मचारियों से एक-एक करके बातचीत भी की। समय पर लोगों के काम करने के लिए निर्देशित किया। आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि परिवहन आयुक्त का सामान्य निरीक्षण था। उन्होंने आरटीओ का कामकाज देखा, जो निर्देश मिले हैं, उन पर अमल किया जाएगा।

### फाइलों पर जमी धूल साफ कराएं

परिवहन आयुक्त गुप्ता ने पंजीयन, परमानेंट ड्राइविंग शाखा का कामकाज देखा। पंजीयन शाखा में महिला कर्मचारी से पूछा, आज वाहन ट्रांसफर की कितनी फाइलें आईं। साथ ही आवेदकों के काम समय से करने के निर्देश दिए। उन्होंने फाइलों पर जमी धूल पर कहा कि इसे साफ कराइए। आरटीओ संजय तिवारी से कहा कि आरटीओ के कार्यों के लिए लोग परेशान न हों। आवेदन करने में जो भी परेशानी हो, तत्काल एनआइसी अधिकारियों को अवगत कराएं।

---

## जीजी फ्लाईओवर के मेट्रो बायडक्ट के नीचे भी बन रहा है 4 फीट ऊंचा डिवाइडर

# जीजी फ्लाई ओवर के नीचे दीवार बनने से पार्किंग के लिए परेशान होंगे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*दिनभर में आती हैं 12 हजार से ज्यादा कारें और सुबह से शाम तक पार्क रहते हैं डेढ़ हजार स्कूटर-बाइक*

गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बन रहे जीजी फ्लाईओवर के नीचे पिलर को जोड़ते हुए 4 फीट ऊंचे डिवाइडर बनाए जा रहे हैं, जिससे कोई वाहन वहां पार्क न हो सके और न ही कोई दूसरा वाहन इधर से उधर आ-जा सके।

इस डिवाइडर के बनने से सबसे ज्यादा परेशानी मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में मौजूद कारोबारी और कार्यालयों में काम से आने वाले वाहन चालकों को होगी। क्योंकि इस फ्लाई ओवर के नीचे दिनभर में 12 हजार चार पहिया वाहनों का आना-जाना रहता है। करीब 270 वाहन 5 से 9 घंटे के लिए पार्क होते हैं। जबकि डेढ़ सौ बाइक दुकानों और कार्यालयों में काम करने वालों की सुबह से देर रात तक पार्क रहती हैं।



### ट्रैफिक होगा आसान

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार पूरे प्रोजेक्ट में नीचे सड़क को विकसित करने का काम भी है। डिवाइडर से सड़क का सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक आसान होगा। मानसरोवर कॉम्पलेक्स में काम करने वालों को अपने वाहन पार्किंग की जगह स्वयं ही देखनी होगी।

### मई में होगी लोड टेस्टिंग

अधिकारियों के अनुसारफ्लाईओवर का काम लगभग पूरा हो गया है। मई के पहले सप्ताह में यहां लोड टेस्टिंग की जाएगी। इसके बाद ब्रिज से ट्रैफिक किया जाएगा। एप्रोच रोड भी बनकर तैयार है। इस पर ट्रैफिक शुरू होने से पहले नीचे डिवाइडर बनकर तैयार हो जाएगा।

### इनका कहना है

मानसरोवर के सामने पार्किंग की काफी समस्या है। फ्लाईओवर के नीचे बाइक पार्क करने से ट्रैफिक पुलिस वाले भी बाइक नहीं उठाते हैं। डिवाइडर बनने से काफी दिक्कत होगी। ट्रैफिक पुलिस को इस संबंध में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से चर्चा करनी चाहिए।

**रवि सेन**, बाइक चालक

मानसरोवर की टू व्हीलर पार्किंग में पैसे ज्यादा वसूले जाते हैं और जगह भी कम है। इसलिए अपना स्कूटर जीजी फ्लाईओवर के नीचे पार्क करता हूं। डिवाइडर बनने से काफी दिक्कत होगी। ट्रैफिक पुलिस को पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए।

**मुकुल शर्मा**, व्यवसायी

मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में काम करने वालों को एक मात्र स्थान जीजी फ्लाईओवर के नीचे मिला है। डिवाइडर बनने से पार्किंग की काफी समस्या होगी। सामने मेट्रो बायडक्ट के नीचे भी डिवाइडर बनने से जगह नहीं बची है।

**आरएस चौहान**, कार चालक

### शुरू से ही है पार्किंग की परेशानी

जीजी फ्लाईओवर के नीचे वाहन पार्क करने के लिए इंतजार करना पड़ता है कि कोई वाहन हटे, तब जगह मिले। डिवाइडर बनने परेशानी बहुत ज्यादा होगी।

**शैलेष अग्रवाल**, व्यापारी

### ड्राइंग एप्रूवल पहले ही हो चुकी है

फ्लाईओवर का ड्राइंग पहले ही एप्रूवल हो जाता है, उसके बाद काम शुरू होता है। अब तो ट्रैफिक शुरू करने की तैयारी है। डिवाइडर बनाना ट्रैफिक के हिसाब से भी जरूरी है।

**आरके शुक्ला**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

कॉरिडोर की जाली हटने के बाद बोर्ड रख दिए, रात में रोजाना टकरा रहे वाहन

### बीच रोड पर ही छोड़ दिए बोर्ड अंधेरा होने से हादसे का डर



आरआरएल तिराहे से मिसरोद तक बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन कॉरिडोर की जाली हटाने के बाद बोर्ड बीच सड़क पर छोड़े जा रहे हैं। इस रोड पर स्ट्रीट लाइट न होने से यह बोर्ड दिखाई नहीं दे रहे हैं। रात को यह दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। यह बोर्ड आरआरएल तिराहे से ऑशिमा मॉल तक रख दिए गए हैं। कॉरिडोर पर जहां तक अस्थाई डिवाइडर रखे जा रहे हैं, उसके आगे बोर्ड लगने से वाहन चालकों को अंदाजा नहीं रहता है कि वहां बोर्ड है। जाली हटाने का काम रात में चल रहा है, जबकि ट्रैफिक पुलिस ने रात में काम करने की सलाह दी थी। काम रुकने से अंदर और बाहर मिक्स ट्रैफिक चलने से दुर्घटना का डर बना रहता है, जबकि रात में स्ट्रीट लाइट बंद रहने से भी लोगों को परेशानी हो रही है।

---

# बीयू के भौतिकी विभाग में लगी आग, कंप्यूटर-दस्तावेज खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*कंप्रेशर में स्पार्किंग के कारण ब्लास्ट की संभावना, चंद सेकेंड में पूरे विभाग में आग फैल गई*

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के भौतिकी विभाग में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। आग से वहां कंप्यूटर, पंखे, अलमारी सहित जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। इसमें कई फाइलों के भी जलने से कुछ रिकार्ड जलने का भी अंदेशा है। इस दौरान वहां विभागाध्यक्ष बैठी हुई थी, जैसे ही अचानक आग भड़की, वह दौड़कर बाहर आ गईं। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार, घटना सुबह 10.30 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि एसी के कंप्रेशर में स्पार्किंग के कारण ब्लास्ट हुआ, जिस कारण सीलिंग में आग लग गई और पूरे विभाग में आग फैल गई। हालांकि आग की जानकारी मिलने के बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी विभाग का निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। विवि प्रशासन ने न ही पुलिस और न ही अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी।





### यहां अग्निशमन यंत्र तो हैं लेकिन वे भी दो वर्ष पुराने

विभागीय सूत्रों की मानें तो विभाग में जो अग्निशमन यंत्र लगे हैं वह भी दो वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं। मामले में भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. साधना सिंह का कहना है कि इस संबंध में वे कुछ भी नहीं बता पाएंगी, मीडिया प्रवक्ता ही कोई जवाब देंगे। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि बीयू के कई विभागों में लापरवाही इस हद तक की जा रही है की शाम को ड्यूटी खत्म होने के बाद भी अधिकारी विभाग में कूलर, पंख व एसी चालू छोड़ जाते हैं, जो रात भर चलने से या तो खराब हो रहे हैं या आग जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

### एनएसयूआई ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

मामले में एनएसयूआई नेता रवि परमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। परमार का कहना है कि प्रशासन को आग लगने की जानकारी मिलने के बाद भी कोई प्रशासनिक अधिकारी ने विभाग का दौरा करना तक उचित नहीं समझा जो संदेहास्पद है। इस मामले में एक निष्पक्ष जांच समिति गठित की जाए, ताकि आग लगने के कारणों की सत्यता सबके सामने आ सके, क्योंकि आग लगी है या लगाई गई है। यह समिति की जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

---

चुनाव कर्मियों को मिलेगा स्पेशल ट्रीटमेंट, एक्टिव रहेगी मोबाइल टीम

# लोकसभा चुनाव: मतदान के दिन 200 डॉक्टरों की टीम रहेगी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**बूथ पर दवाइयां और एंबुलेंस की रहेगी व्यवस्था**

लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा की पुख्ता व्यवस्था की है। सात मई को मतदान के दिन राजधानी में 200 डॉक्टरों की टीम व एंबुलेंस 24 घंटे राउंड पर रहेगी।

24 घंटे इमरजेंसी में ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू बेड आदि रिजर्व रखने को भी कहा गया है। अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र जैसे छोटे अस्पतालों में भी 24 घंटे डॉक्टर रहें, इसकी व्यवस्था की गई है।

### 30 अप्रैल को होगी डॉक्टरों की ट्रेनिंग

राजधानी के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में 207 डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई है। ये चिकित्सक, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे। इन चिकित्सकों का निर्वाचन प्रशिक्षण 30 अप्रैल को आयोजित किया गया है।

### पोलिंग बूथ पर रहेगी मेडिकल किट

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में काम कर रहे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दवाइयों एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक मतदान दल के लिए पोलिंग बूथ पर भी मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीम में शामिल चिकित्सकों को इमरजेंसी मेडिकल किट दी गई है। इमरजेंसी के लिए जेपी अस्पताल में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। यह कंट्रोल रूम मतदान समाप्ति तक 24 घंटे संचालित होगा।

---

रेलवे की नई सुविधा...

# जनरल टिकट के लिए विंडो पर लगने वाली 'लंबी लाइन' से यात्रियों को मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*यूटीएस ऑन मोबाइल एप पर 40 किमी तक की दूरी की बाध्यता खत्म; अब यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन को छोड़कर कहीं से भी बुक कर सकेंगे अनारक्षित रेल टिकट*

रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक कर रेल यात्रा करने वालों को बड़ी राहत प्रदान की है। अब इस एप के माध्यम से यात्री आसानी से कहीं भी, कभी भी टिकट जनरेट कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अब टिकट विंडो पर लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं है।

रेलवे ने सुविधा में विस्तार करते हुए यूटीएस ऑन मोबाइल एप से बुकिंग हेतु आउटर सर्किल दूरी के की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। इससे पहले यात्री इस एप से स्टेशन से 40 किमी से अधिक दूरी का अनारक्षित टिकट बुक नहीं कर सकते थे। इसके साथ ही अब इस एप से प्लेटफार्म टिकट भी जनरेट कर सकते हैं। भोपाल व रानी कमलापति स्टेशन पर जनरल विंडो से टिकट लेकर हर दिन औसतन 25-35 हजार यात्री सफर करते हैं।

### जागरूक करने अभियान भी चलाया जा रहा

यात्रियों को स्मार्ट यात्री बनाने के उद्देश्य से यूटीएस ऑन मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए लगातार यात्रियों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे जनरल टिकट विंडो में लगने वाली यात्रियों की लाइन कम हो सके। हालांकि ट्रेन व प्लेटफार्म से यात्री जनरल टिकट की बुकिंग नहीं कर पाएंगे।

### ऐसे बुक कर सकते हैं टिकट

एंड्राइड मोबाइल पर यूटीएस ऑन मोबाइल एप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद 7 चरणों से गुजरना होगा। सबसे पहले सभी विवरण के साथ साइन अप करना होगा। फिर मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड के साथ लॉग इन करना होगा।

### लगातार बढ़ाई जा रहीं सुविधा



भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा बढ़ोत्तरी की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसके तहत अब रेल यात्री को जनरल टिकट के लिए विंडो पर लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं है। वह आसानी से मोबाइल टिकटिंग एप यूटीएस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन के तहत 40 किमी तक की दूरी की बाध्यता खत्म कर दिया है। समर सीजन में अधिक से अधिक यात्रियों को इस योजना लाभ मिल सकेगा।

---

## काटजू के 5 डॉक्टरों की टीम ने किया ऑपरेशन

लगातार ब्लीडिंग से परेशान महिला पहुंची थी अस्पताल

# 7 माह के गर्भ जितना बड़ा था महिला के पेट में ट्यूमर, जटिल सर्जरी कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ कैलाश नाथ काटजू जच्चा बच्चा अस्पताल में 37 साल की महिला की जटिल सर्जरी कर विशेषज्ञों ने जान बचाई। शुक्रवार को महिला अधिक रक्त स्राव के चलते अस्पताल पहुंची थी। जहां जांच में महिला में हो रही तेज ब्लीडिंग के पीछे का कारण एक बड़ा ट्यूमर पाया गया।

महिला के साथ कोई परिजन नहीं था और अधिक खून बहाने से वह भी असमर्थ हो गई थी। ऐसे में अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे रेफर करने के बजाय सर्जरी करने का फैसला बेहतर समझा, जिससे समय रहते महिला को इलाज मिलने से उसकी जान को बचाया जा सका।

### खास बातें

- महिला के साथ में किसी भी परिजन के न होने पर अस्पताल प्रबंधन ने ही की ऑपरेशन के दौरान खून की व्यवस्था



### प्रबंधन ने उपलब्ध कराया खून

जानकारी के अनुसार महिला की सर्जरी के दौरान और उसके बाद खून की जरूरत थी। उसके साथ कोई परिजन न होने के चलते ब्लड डोनेशन के लिए प्रबंधन आगे आया। अस्पताल की अधीक्षक कर्नल प्रवीण सिंह ने महिला के लिए जरूरी खून की व्यवस्था की।

### 2 घंटे तक चली महिला की सर्जरी

अस्पताल में महिला की जटिल सर्जरी में करीब 2 घंटे का समय लगा। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. यासमीन, डॉ. शशि कवडे और डॉ. प्रीती देव पुजारी के साथ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. कुहू चौधरी और डॉ. प्रतिष्ठा जैन द्वारा यह सर्जरी की गई।

---


सुरक्षित मातृत्व के शिविरों में 208 महिलाएं हाई रिस्क पर

# 10 में से तीन गर्भवती एनीमिक, बढ़ सकता है हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में रक्त की कमी का होना उनके और होने वाले बच्चों के लिए जानलेवा हो सकता है। इन महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी श्रेणी में रखा जाता है।

हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामले कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। इसके बावजूद महिलाओं में इसका खतरा बढ़ रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद 10 में से तीन गर्भवती महिलाएं खून की कमी और अन्य गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जांच शिविर की रिपोर्ट से सामने आई है।




### स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए

समाज में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के पोषण को नजरअंदाज किया जाता रहा है। गर्भावस्था में पौष्टिक आहार की कमी के कारण गर्भावस्था का उच्च जोखिम होता है। 50-60 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी होती है। गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सावधान रहना चाहिए। गर्भावस्था से संबंधित कोई भी शारीरिक समस्या होने पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

**डॉ .प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ

### उच्च रक्तचाप और मधुमेह भी जिम्मेदार

रिपोर्ट के मुताबिक शिविरों में 768 महिलाओं की जांच की गई, जिसमें से 208 महिलाएं हाई रिस्क श्रेणी में पाई गईं। डॉक्टरों के मुताबिक हाई रिस्क का सबसे बड़ा कारण एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी होना है। इसके साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और प्री-सीजेरियन डिलीवरी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का कारण बनते जा रहे हैं।

### इस खतरे की संभावना

उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था गर्भवती महिला और अजन्मे बच्चे के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। समय से पहले जन्म, शिशु हृदय विकार, गर्भपात, शिशु में जन्मजात विकृति, गर्भवती महिला के जीवन के लिए जोखिम, प्रसव से संबंधित जटिलताएं, प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव, प्रसवोत्तर महिला में प्रसव पीड़ा और सेप्सिस में कमी हो सकती है।

भोपाल
शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 11, अंक : 33
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रिकॉर्ड ब्रेकर मैच

## शशांक 'सिंह इज किंग'

टी 20 इतिहास का सबसे सफलतम चेज स्कोर



कोलकाता। पंजाब किंग्स ने इतिहास रच दिया है। टीम ने न सिर्फ आईपीएल के 17 सीजन के इतिहास का बल्कि टी20 इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। कोलकाता ▸▸ शेष पेज 2 पर




खबर संक्षेप

### यूपीएससी: भर्ती के लिए एग्जाम कैलेंडर जारी



नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने साल 2025 में आयोजित होने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए अपना वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। हालांकि 2024 के खत्म होने में अभी कई महीने बाकी है। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### सीबीएसई: 10वीं, 12वीं बोर्ड के नतीजे जल्द



नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की इस साल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। सीबीएसई बोर्ड भी रिजल्ट की तैयारियों में जुट गया है और किसी भी वक्त कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे घोषित कर सकता है।

### पैसे के विवाद में युवक को 8वीं मंजिल से फेंका



नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का कथित तौर पर अपहरण कर उसे एक इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या करने को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान अहमद सलमान और धर्मेश मलिक के रूप में हुई है।

### टी20 वर्ल्ड कप: कोहली हार्दिक और रिंकू बाहर



नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का चयन जल्द होना वाला है। भारत के पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने चौंका देने वाली टीम चुनी है। उन्होंने 15 खिलाड़ियों में विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और रिंकू सिंह को नहीं चुना है। उन्होंने 3 विकेटकीपर चुने हैं। 3 नए नाम को मौका दिया है।

**नतीजों के बाद 45 दिनों तक सेफ रहेंगी ईवीएम, माइक्रो कंट्रोलर की भी हो सकेगी जांच**

**ईवीएम विवाद खत्म :** वीवीपैट के 100 फीसदी सत्यापन की मांग से जुड़ी सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में खारिज

# बैलेट पेपर से नहीं... 'ईवीएम' से ही होंगे चुनाव, यही सुरक्षित व विश्वसनीय

पीठ ने भारत के चुनाव आयोग से इस बात की जांच करने को कहा कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर पार्टी के चुनाव चिन्ह के अलावा कोई बारकोड हो सकता है, जिसे मशीन से गिना जा सके।

कोर्ट ने कहा कि प्रचलित प्रणाली मतदाताओं को विफल नहीं करेगी और मतदान करने वाली जनता का जनादेश वास्तव में डाले गए और गिने गए वोटों में प्रतिबिंबित होगा।

### शीर्ष अदालत के निर्देश

*01.* *चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को पोलिंग एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील किया जाना चाहिए, और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा*

*02.* *कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट को मतगणना के परिणाम के बाद मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के इंजीनियर सत्यापित करेंगे*

*03.* *दूसरे और तीसरे सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले उम्मीदवारों द्वारा किए गए लिखित अनुरोध पर परिणाम की घोषणा के बाद ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम जले हुए मेमोरी सेमीकंट्रोलर की जांच करेगी*

*04.* *सभी उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि सत्यापन के समय उपस्थित रह सकते हैं। ऐसा परिणाम घोषित होने की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए।*

*05.* *सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, वास्तविक लागत या खर्च चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाएगा और उम्मीदवार इसका भुगतान करेंगे। अगर ईवीएम में गड़बड़ी पाई गई तो पैसा वापस कर दिया जाएगा।*



**कागजी मतपत्रों या ईवीएम के किसी भी विकल्प को वापस लाने के प्रतिगामी उपायों से बचना होगा**

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की दो जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कागजी मतपत्रों या ईवीएम के किसी भी विकल्प को वापस लाने के प्रतिगामी उपायों से बचना होगा जो भारतीय नागरिकों के हितों की पर्याप्त रूप से रक्षा नहीं करते हैं। सिस्टम या संस्थानों के मूल्यांकन में संतुलित परिप्रेक्ष्य बनाए रखना महत्वपूर्ण है, सिस्टम के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अनुचित संदेह पैदा कर सकता है और प्रगति में बाधा डाल सकता है। इसके बजाए, सार्थक सुधार के लिए जगह बनाने और सिस्टम की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए साक्ष्य और कारण द्वारा निर्देशित एक महत्वपूर्ण लेकिन रचनात्मक दृष्टिकोण ▸▸ शेष पेज 2 पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में डाले गए वोटों का वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों के क्रॉस-वेरिफिकेशन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने फैसले में कहा है कि ईवीएम पर संदेह जताते हुए याचिकाएं पहले भी सुप्रीम कोर्ट में दायर होती रही हैं। अब इस मुद्दे पर हमेशा के लिए विराम लग जाना चाहिए। आगे चलकर, जब तक ईवीएम के खिलाफ ▸▸ शेष पेज 2 पर

पीएम मोदी बोले...

### मतपेटियां लूटने वालों को 'करारा जवाब' मिला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद विपक्ष पर करार प्रहार किया है। पीएम मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर वाला दौर वापस लौटकर नहीं आएगा। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस पर सीधे हमला बोला और कहा कि मतपेटियां लूटने वालों को करारा जवाब मिला है। पीएम मोदी का कहना था कि आज जब पूरी दुनिया भारत के सिस्टम की वाह-वाह करती है तब ये लोग अब निजी स्वार्थ से बदनीयत से ईवीएम को बदनाम करने में लगे हैं।

**सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच का ईसी से सवाल**

### अगर नोटा पर ज्यादा वोट पड़े तो क्या दोबारा चुनाव होगा?



मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा की तरफ से सर्वोच्च अदालत में ये याचिका दायर की गई है। याचिका में मांग की गई है कि अगर नोटा बटन को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं तो उस स्थिति में दोबारा चुनाव करवाने की व्यवस्था होनी चाहिए। खेड़ा ने तो यहां तक कह दिया है कि जिस भी प्रत्याशी को किसी भी सीट पर नोटा से भी कम वोट मिलते हैं तो उसे पांच साल के लिए चुनाव लड़ने से रोक देना चाहिए, वो किसी भी प्रकार का चुनाव न लड़ सके, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। अभी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग ने इस बारे में पूछा और उनसे ही जवाब दाखिल करने को कहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ही इस मामले की सुनवाई कर रही है।

**गुना-राजगढ़ में राहुल पर बरसे अमित शाह**

# भारत देश शरिया कानून से नहीं... 'यूसीसी' से चलेगा

*शाह ने गुना लोकसभा सीट के लोगों से कहा है कि आप केपी यादव की चिंता मत करना।*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुना/राजगढ़

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पिपरई के मंडी परिसर में जनता को संबोधित किया। उन्होंने यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी है।

वर्षों तक ओबीसी वर्ग के लोगों को केंद्रीय संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया। कांग्रेस 70 साल तक धारा 370 को अपने बच्चे की तरह पालती रही, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को एक झटके में कश्मीर से धारा 370 को खत्म कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता एससी, एसटी और ओबीसी को दी है। लेकिन, कांग्रेस कहती है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ये देश समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से चलेगा। ये हमारे संविधान की स्पिरिट है। हम उत्तराखंड में यूसीसी लाए हैं। और, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है कि हम देश भर में यूसीसी को लागू करेंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र को ध्यान से पढ़िए। ▸▸ शेष पेज 2 पर

**गुना वालों को सिंधिया-केपी दो नेता मिलेंगे**

शाह ने अशोकनगर जिले में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए वोट मांगे। साथ ही गुना-शिवपुरी सांसद केपी यादव का भविष्य बता दिया है। शाह ने गुना लोकसभा सीट के लोगों से कहा है कि आप केपी यादव की चिंता मत करना। हमने उनके लिए सोच रखा है। शाह ने कहा कि कई क्षेत्र में जब मैं जाता हूं तो लोग कहते हैं कि आप हमारे सांसद को आगे बढ़ाना, हम विजयी बनाकर भेजेंगे। आपको तो बना बनाया मंत्री, मोदी जी यहां चुनाव लड़ने के लिए भेजा है। प्रचंड बहुमत से इनको जीताना।

**दिग्विजय पर कहा...**


### आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले

शाह ने दिग्विजय के गढ़ राजगढ़ के खिलचीपुर में चुनावी सभा करने पहुंचे। यहां पर भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजगढ़ को बंटाढार करना है क्या? दिग्गी राजा क्या मैंडेट मांगने आए थे। भागकर भोपाल चले गए, अब राजगढ़ आए हो। दिग्गी राजा के साथ बंटाढार शब्द जुड़ गया है। यहां बंटाढार करना है क्या। उन्होंने कहा अब समय आ गया है इन्हें राजनीति से परमानेंट ▸▸ शेष पेज 2 पर

**भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक और अच्छी खबर**

## डेलॉयट का अनुमान-जीडीपी की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी

मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डेलॉयट इंडिया ने मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे। डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के ▸▸ शेष पेज 2 पर

**शादी में आतिशबाजी से घर में लगी आग**

## एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत, तीन मवेशी जले

चिंगारी से घर में आग लगी फिर रसोई गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया



एजेंसी ▸▸ दरभंगा

बिहार के दरभंगा जिले के एक गांव में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात एक विवाह समारोह के दौरान की गई आतिशबाजी से एक घर में आग लग गई। इस घटना में एक ही परिवार के 6 लोगों और तीन मवेशियों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, अंटोर गांव में देर रात शादी समारोह में आतिशबाजी की जा रही थी। इसी दौरान चिंगारी से घर में आग लग गई। इस बीच ▸▸ शेष पेज 2 पर

## कबाड़खाने में ब्लास्ट की एनआईए जांच शुरू



**आरोपी के भाई सलीम के मकान पर चला बुलडोजर**

*जबलपुर। खजरी-खिरिया बाईपास के पास स्थित एक कबाड़खाने में गुरुवार की दोपहर भीषण विस्फोट में दो मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं अब भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटना के बाद से कबाड़खाने का मालिक मोहम्मद शमीम फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना के दौरान मौके से आयुध निर्माणी खमरिया में बनने वाले बमों के कवच भी मिले हैं।*

▸▸ शेष पेज 2 पर

**मेटा की कंपनी ने आईटी रूल्स 2021 को चुनौती दी**

## वॉट्सएप की धमकी-यदि एनक्रिप्शन 'तोड़ने' को कहा गया तो भारत छोड़ देंगे

◆ भारत में वॉट्सएप के 40 करोड़ से भी ज्यादा यूजर्स

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वॉट्सएप ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में एनक्रिप्शन हटाने से इनकार कर दिया है।

इतना ही नहीं वॉट्सएप ने साथ ही यह भी कहा है कि अगर ऐसा करने पर मजबूर किया जाता है तो कंपनी भारत में अपना काम बंद कर देगी। दरअसल, मेटा की कंपनी ने आईटी रूल्स, 2021 को चुनौती दी



है। खास बात यह है कि भारत में इंस्टेंट मैसेजिंग एप वॉट्सएप के 40 करोड़ से भी ज्यादा यूजर्स हैं। कंपनी का कहना है कि एंड टू एंड एनक्रिप्शन के जरिए यूजर की निजता की रक्षा की जाती है। इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि संदेश ▸▸ शेष पेज 2 पर

**मैसेज सेंडर की पहचान करने का प्रावधान**

2021 इंफोरमेशन टेक नोलॉजी के एक नियम में सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप्स को यूजर्स की चैट्स ट्रेस करने और किसी मैसेज के पहले सेंडर की पहचान करने का प्रावधान बनाने की बात कही गई है। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में पूछा कि क्या दूसरे देशों में भी ऐसे नियम हैं? जिसके जवाब में वॉट्सएप ने कहा कि ऐसा कोई नियम दुनिया में कहीं भी नहीं है। यहां तक की ▸▸ शेष पेज 2 पर

## भोपाल में 40.2, इंदौर में 39.2, ग्वालियर में 41, जबलपुर में 40.4 और उज्जैन में तापमान 38.2 डिग्री

रात 11 बजे से भोपाल सहित आसपास बारिश

# ग्वालियर, विदिशा, सागर सहित दर्जन भर जिलों में ओले-बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अप्रैल माह में तीसरी बार मौसम ने करवट ली है। माह की शुरुआत में मौसम में गर्माहट शुरु हुई थी, लेकिन दूसरे सप्ताह में ही प्रदेश के दो दर्जन जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलों का दौर शुरु हो गया। इसके कुछ दिन बाद फिर बूंदाबांदी का दौर चला। पिछले तीन दिनों से गर्मी की तपिश बढ़ने लगी थी, लेकिन शुक्रवार को फिर से ओले और बारिश का ▸▸ शेष पेज 2 पर



**क्यों बिगड़ा मौसम?**

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अप्रैल के आखिरी सप्ताह भी बारिश-आंधी का दौर रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पिछले 6 दिन से अलग-अलग क्षेत्र में बारिश हो रही है। शनिवार को उत्तर और पश्चिमी हिस्से के ग्वालियर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा और सागर में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**आज यहां आंधी बारिश का अलर्ट**

शनिवार को शाजापुर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और मंडला जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, धार, उज्जैन, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास, सीहोर, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, उमरिया, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है।

# श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में नंदोत्सव पर बांटी माखन-मिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




पांच नंबर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे जहां कन्हैया का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पांचवें दिन शुक्रवार को नंदोत्सव से कथावाचक साध्वी कोकिला कुंज ने शुरुआत की।

मंदिर सचिव पं. मम्तेश शर्मा ने बताया कि नंदोत्सव में भक्तों ने खूब दही माखन मिश्री को लुटाया और मिठाई बांटा। बृजवासियों की तर्ज पर यहां श्रद्धालु खूब नाचे। उसके बाद भगवान की बाल लीलाओं का चित्रण हुआ। रविवार को भागवत कथा की पूर्णाहुति होगी और भंडारा होगा। इस अवसर पर पन्ना धाम से आई विदुषी रंजना दुबे, विदुषी कमलावंती शर्मा, महंत पं. रूपराज शर्मा, संस्थापक पं. भीखराज त्रिपाठी, पुजारी अमरनाथ शर्मा, बसंत शर्मा, मीना त्रिपाठी, राजकुमार दुबे, डॉ. अतुल दुबे, अरुण गोयनका, आनंद भट्ट, पन्नालाल दिवेद्वी, अन्नपूणा तिवारी, साधना दुबे, सविता गोयनका, परवीन परनामी, ऋचा दुबे, रजनीश त्रिपाठी और भक्त उपस्थित थे।

### प्रदेश स्तरीय नियंत्रण कक्ष में पहुंचे सीएम

# भाजपा नियंत्रण कक्षों में पहुंची 258 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र के 6 लोकसभा क्षेत्रों खजुराहो, टीकमगढ़, सागर, रीवा, सतना और होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया के दौरान आने वाली गड़बड़ियों व परेशानियों को लेकर विधानसभा, लोकसभा जिला और प्रदेश कार्यालय में भाजपा द्वारा नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। विधानसभा, लोकसभा क्षेत्र के साथ जिला और राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में कुल 285 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 134 शिकायतें राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुई हैं, जिन्हें निराकरण के लिए निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया गया है। वहीं 6 शिकायतें ई-मेल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को गई हैं। राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में हर लोकसभा के लिए दो-दो नेताओं व तीन-तीन अधिवक्ता थे।

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से 37 शिकायतें भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुई हैं। खजुराहो लोकसभा के बूथ क्रमांक-240 राजनगर में पीठासीन अधिकारी ने बहुजन समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे, जिस कारण कई लोग वोट करने से बच रहे थे।

# मप्र में चौथे चरण के नामांकन पत्रों की संवीक्षा में 90 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिए 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में प्राप्त नामांकन-पत्रों की शुक्रवार को संवीक्षा (स्क्रूटनी) की गई। संवीक्षा के दौरान 90 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। कुल 11 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र संवीक्षा उपरांत विधिनुरूप नहीं होने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास (अजा) में 9 अभ्यर्थी, उज्जैन (अजा) में 9 अभ्यर्थी, मंदसौर में 8 अभ्यर्थी, रतलाम (अजजा) में 13 अभ्यर्थी, धार (अजजा) में 8 अभ्यर्थी, इंदौर में 23 अभ्यर्थी, खरगोन (अजजा) में 6 अभ्यर्थी एवं खण्डवा में 14 अभ्यर्थी के नामांकन पत्र संवीक्षा के बाद विधिमान्य पाए गए। शुक्रवार को संवीक्षा में लोकसभा संसदीय क्षेत्र उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा) एवं धार (अजजा) में दो-दो अभ्यर्थी एवं इंदौर में 3 अभ्यर्थी संवीक्षा उपरांत विधिनुरूप न होने के कारण अस्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार 13 मई को मतदान होगा।

### बिजनेस साइट

# लार्ज कैप्सः आज के समय में सुरक्षा का बेहतर मार्जिन प्रदान करते हैं

**इंदौर।** वित्तीय वर्ष 2024 घरेलू इक्विटी बाजारों के लिए अच्छा रहा, जिसमें निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स ने क्रमशः 30 प्रतिशत और 27 प्रतिशतकी बढ़ोतरी के साथ निवेशकों को प्रभावशाली रिटर्न दिया है। मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह के कारण अप्रैल में भी सकारात्मक गति जारी रही। हालांकि, भू-राजनीतिक घटनाओं, भारत और अमेरिका में आगामी चुनावों, वैश्विक केंद्रीय बैंक की कार्रवाइयों आदि को देखते हुए बाजार के अस्थिर होने की संभावना है।

तो, कोई इस अस्थिर समय से कैसे गुजर सकता है? मौजूदा बाजार माहौल को देखते हुए विचार का शुरुआती प्वाइंट मूल्यांकन है और वे सस्ते नहीं हैं। इक्विटी बाजारों में जारी तेजी ने देश के मार्केट कैप को जीडीपी के मुकाबले ऐतिहासिक औसत 81 प्रतिशत के मुकाबले 125 प्रतिशततक पहुंचा दिया है। विशेष रूप से स्मॉल और मिडकैप योजनाओं में प्रवाह ने सुनिश्चित किया कि उन क्षेत्रों में मूल्यांकन बढ़ा हुआ दिखाई दे। इसकी तुलना में, यह लार्जकैप शेयरों का मूल्यांकन है जो सुरक्षा के मार्जिन के लिए अधिक गुंजाइश छोड़कर अपेक्षाकृत सस्ते दिखते हैं।

मिड और स्मॉल कैप की तुलना में अपनी स्थिरता, कम अस्थिरता के लिए जाने जाने वाले लार्ज कैप में आम तौर पर स्थापित कंपनियां शामिल होती हैं, जो लंबी अवधि में लगातार रिटर्न देती हैं। लार्जकैप में मूल्यांकन की सुविधा को देखते हुए, ताजा इक्विटी निवेश करने के इच्छुक निवेशक के लिए यह बाजार में एक आकर्षक स्थान है।

एक आम निवेशक लार्ज कैप में कैसे निवेश कर सकता है? यहां दो विकल्प हैं-एक डायरेक्ट इक्विटी है, जिसमें विस्तृत रिसर्च शामिल है जो एक आम निवेशक के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है। दूसरा विकल्प म्यूचुअल फंड के माध्यम से है. यहां, निवेश के बाद, फंड मैनेजर पोर्टफोलियो को उभरती बाजार स्थितियों के अनुरूप रखते हुए, निवेशक की ओर से आवश्यक कार्य करता है। यहां एक चेतावनी यह है कि लार्जकैप का विकल्प चुनने वाले निवेशकों के पास कम से कम पांच साल का निवेश दायरा होना चाहिए।



**मृदुल उपाध्याय,**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, इंदौर

लगभग सभी फंड हाउस लार्ज कैप आधारित म्यूचुअल फंड की पेशकश करते हैं। इनमें से, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड सबसे पुराने (15.वर्ष का ट्रैक रिकॉर्ड) और श्रेणी में सबसे बड़ा है। 31 मार्च, 2024 तक, फंड ने एक साल में 42.4 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया और तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 21.5प्रतिशतऔर 17.9 प्रतिशतका काफी अच्छारिटर्न दिया है।

## जैकेट का शेष

### मतदान पर भारी पड़ा ...

अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। प्रदेश में दूसरे चरण में 6 लोकसभा क्षेत्रों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और देर शाम करीब 7 बजे तक जारी रहा। इन क्षेत्रों में पिछले 2019 के मतदान के मुकाबले काफी कम मतदान होने की जानकारी मिली है। सुबह के समय काफी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचे, पर दोपहर में मतदान की रफ्तार काफी धीमी रही। शाम के वक्त भी मतदान केंद्रों पर कोई खास रूझान नहीं देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जरूर मतदाताओं ने अपने पोलिंग स्टेशन पर पहुंचकर वोट किया। किंतु शहरी व कस्बाई क्षेत्रों में हालत काफी खराब देखी गई। नर्मदापुरम में भाजपा महामंत्री से ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर बहस हो गई। दमोह में ड्यूटी पर तैनात एक वनकर्मी को हार्ट अटैक आ गया। रीवा, सतना, दमोह और नर्मदापुरम में कुछ जगह ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। बॉलीवुड एक्टर आशुतोष राणा ने नरसिंहपुर के गाडरवाड़ा में वोट डाला।

### सर्वाधिक वोट पड...

की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 6, बिहार की 5, असम की 5, छत्तीसगढ़ की 3, पश्चिम बंगाल की 3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीटें शामिल हैं। दूसरे चरण में कुल 1.67 लाख पोलिंग स्टेशन पर 15.88 करोड़ मतदाता रहे हैं। इनमें से 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिलाएं और 5929 थर्ड जेंडर वोटर हैं। दूसरे चरण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, शशि थरूर, वैभव गहलोत, रविंद्र सिंह भाटी, पप्पू यादव, हेमामालिनी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेजस्वी सूर्या समेत कई प्रमुख नेता इस चरण में किस्मत आजमा रहे हैं।

### मैं पिछले जन्म में बंगाल...

होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आए हैं कि मैदान छोटा पड़ गया। आपको हुई असुविधा के लिए मैं माफी मांगता हूं। मैं आपका प्यार विकास के जरिए लौटाऊंगा।

### टीएमसी युवाओं के ...

न केवल बंगाल के युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी खराब असर डाला है। **शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन लीः** मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने टीएमसी नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, वे भी अब इसके बोझ तले दबे हुए हैं। केंद्र देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। गौरतलब है कि इस हफ्ते की शुरुआत में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया को 'अमान्य' घोषित कर दिया। साथ ही इसके जरिए की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया था।

### युवाओं के बैंक में ...

उन्होंने सिर्फ गरीबों से पैसा छीना है। उन्होंने देश के 22 लोगों को उतना धन दे दिया, जितना देश के 70 करोड़ लोगों के पास है। हिंदुस्तान में एक फीसदी ऐसे लोग हैं, जो 40 फीसदी धन कंट्रोल करते हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी, जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम हिंदुस्तान के गरीबों को देंगे। गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार दुनिया में पहली सरकार होगी, जो अप्रेंटिसशिप का अधिकार हिंदुस्तान के हर बेरोजगार ग्रेजुएट को देने जा रही है। राहुल ने कहा कि ग्रेजुएट, डिप्लोमा होल्डर, कॉलेज ग्रेजुएट, यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट को सरकार से एक साल की नौकरी मांगने का अधिकार होगा। गांधी ने कहा कि जैसे मनरेगा में रोजगार की गारंटी दी, वैसे ही हम ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप की गारंटी दे रहे हैं। एक साल की नौकरी होगी और हर महीने 8,500 रुपए बैंक अकाउंट में ठकाठक-ठकाठक-ठकाठक साल के एक लाख रुपए बैंक अकाउंट में ठक। हिंदुस्तान को करोड़ों युवाओं की एक ट्रेंड वर्क फोर्स मिलेगी।

## पेज 1 का शेष

### शशांक 'सिंह ...

के ईडन गार्डेन्स में पंजाब ने 262 रन के लक्ष्य को मात्र 18.4 ओवर में चेज कर लिया। इस मैच में कुल 42 छक्के लगे, जिसमें पंजाब ने 24 छक्के लगाए। शशांक सिंह ने मैच का रुख मोड़ दिया। खासबात ये रही कि दोनों टीमों के चारों ओपनर्स ने अर्धशतक बनाए।

### बैलेट पेपर से नहीं....

कोई पुख्ता सबूत न हो, मौजूदा व्यवस्था निरंतर सुधार के साथ लागू रहनी चाहिए। मतदान के लिए ईवीएम के बजाए बैलट पेपर या फिर कोई दूसरा पीछे ले जाने वाली व्यवस्था को अपनाना, (जो देशवासियों के हितो की सुरक्षा न कर सके) उससे बचा जाना चाहिए। हालांकि, जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारत के चुनाव आयोग से इस बात की जांच करने को कहा कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर पार्टी के चुनाव चिन्ह के अलावा कोई बारकोड हो सकता है, जिसे मशीन से गिना जा सके। अपने फैसले में जस्टिस खन्ना ने मामले में दो निर्देश पारित किए. सबसे पहले सभी सिंबल लोडिंग यूनिट्स (एसएलयू) को सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर एक मई या उसके बाद सील कर दिया जाएगा और परिणाम घोषित होने के बाद कम से कम 45 दिनों तक स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिए पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव का परीक्षण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने न्यायमूर्ति खन्ना द्वारा जारी निर्देशों से सहमति जताते हुए एक अलग राय दी। वीवीपीएटी को वोटिंग मशीनों के लिए एक स्वतंत्र सत्यापन प्रणाली माना जाता है, जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उन्होंने अपना वोट सही ढंग से डाला है या नहीं?

### कागजी मतपत्रों या ईवीएम ...

का पालन किया जाना चाहिए। चाहे नागरिक हों, न्यायपालिका हों, निर्वाचित प्रतिनिधि हों, या यहां तक कि चुनावी मशीनरी भी हो, लोकतंत्र खुले संवाद, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सक्रिय रूप से प्रणाली में निरंतर सुधार के माध्यम से अपने सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाने का प्रयास लोकतांत्रिक प्रथाओं में भागीदारी करने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम अपने लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी नागरिकों की आवाज और पसंद को महत्व दिया जाए और उनका सम्मान किया जाए।

### ये देश शरिया कानून...

उन्होंने कहा है कि हम पर्सनल लॉ को फिर से लागू करेंगे। कांग्रेस देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहते हैं। आप ये बताइए, क्या ये देश शरिया से चल सकता है? राहुल बाबा, आपको तुष्टिकरण के लिए जो करना है, वो करो। लेकिन जब तक भाजपा है, हम पर्सनल लॉ नहीं लाने देंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है।

### आशिक का जनाजा है, ...

विदाई देने का। दिग्विजय की विदाई आपको करना है। आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले। सम्मान जैसी लीड से हराकर उनकी विदाई करना। उन्हें घर पर बिठाने का काम राजगढ़ वाले करें, यही कहने आया हूं।

### डेलॉयट का अनुमान...

लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है।

### एक ही परिवार के ...

घर में रखे रसोई गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ और देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। घर में बड़ी मात्रा में डीजल भी रखा हुआ था, जिससे आग और भड़क गई। इस घटना में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। बहेड़ा के थाना प्रभारी चंद्रकांत ने शुक्रवार को बताया कि मृतकों में सुनील कुमार, लाली देवी और कंचन देवी सहित तीन नाबालिग बच्चे हैं। 3 पालतू पशु भी जलकर राख हो गए। पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11 बज कर करीब 15 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।

### आरोपी के भाई सलीम ...

जिसके चलते अब इस घटना की जांच एनआईए ( नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ) को सौंपी गई है। शुक्रवार की दोपहर को दिल्ली से तीन सदस्यीय टीम जबलपुर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एनआईए की टीम जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौपेंगी। इधर जबलपुर जिला प्रशासन ने आरोपी मोहम्मद शमीम के बडे भाई मोहम्मद सलीम के घर पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। जिला प्रशासन का कहना है था कि मोहम्मद सलीम के मकान के आगे का हिस्सा तोड़ दिया है। यह कार्रवाई अवैध रूप से अतिक्रमण करने पर हुई है।

### वॉट्सएप की धमकी-...

भेजने वाला और उसे प्राप्त करने वाला ही अंदर के कंटेंट को जान सकता है। कंपनी की तरफ से कोर्ट में पेश हुए तेजस कारिया ने कोर्ट से कहा कि एक प्लेटफॉर्म के तौर पर हम कह रहे हैं कि अगर हमें एनक्रिप्शन तोड़ने के लिए कहा गया, तो वॉट्सएप भारत से चला जाएगा। इस मामले में अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।

### मैसेज सेंडर की ...

ब्राजील में भी नहीं है। इस नियम के लिए वॉट्सएप को लाखों संदेशों को वर्षों तक स्टोर करने की आवश्यकता होगी।

### ग्वालियर, विदिशा, ...

दौर शुरु हो गया है। शुक्रवार रात 11 बजे से भोपाल में बारिश शुरू हो गई जो देर रात तक जारी रही। ग्वालियर, विदिशा, सागर, मंदसौर, छिंदवाड़ा, रतलाम, झाबुआ, धार, आगर मालवा और राजगढ़ में भी बारिश हुई। शनिवार को भी इन शहरों में बारिश होगी। मंदसौर, छिंदवाड़ा, रतलाम, झाबुआ, धार, आगर मालवा और राजगढ़ में बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में भोपाल, शाजापुर, बड़वानी, इंदौर और उज्जैन सहित कई जिलों में बारिश हो सकती है। इसके पहले भोपाल में 40.2 डिग्री, इंदौर में 39.2 डिग्री, ग्वालियर में 41 डिग्री, जबलपुर में 40.4 डिग्री और उज्जैन में तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा देथ्रूम मत्रा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाए।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।

संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

आवश्यकता
सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम ANUSHREE KAMALKISHOR SONI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु विवाह के पश्चात मेरा नाम परिवर्तित होकर ANUSHREE HOLANI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम ANUSHREE HOLANI W/O AYUSH HOLANI से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 47, WARD NO. 09, JAWAHAR MARG, KANTAPHOD, GALI NO.02, HASYAKHEDI (1) CHANDRASHEKHAR DAM, DEWAS (M.P.) - 455440

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5494



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5493 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | ■ | र | ■ | श | ब | न | म |
| ■ | म्मी | ■ | र | फू | च | क्र | र | ■ | र्म | ■ |
| आ | ■ | मा | स | ■ | ना | ■ | मा | ह | ■ | प्र |
| स | ह | ला | ना | ■ | का | ■ | ना | रा | य | ण |
| ■ | थ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ज्ञो | ■ |
| ह | क | ब | का | ना | ■ | अ | प | ना | प | न |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | ख | ■ | ■ | ■ | वी | ■ |
| मे | घा | ल | य | ■ | ल | ■ | क | म | त | र |
| घ | ■ | त | म | ■ | ना | ■ | ल | त | ■ | क्षा |
| ■ | यं | ■ | रा | सा | य | नि | क | ■ | कै | ■ |
| म | हा | रा | ज | ■ | क | ■ | ल | म्बो | द | र |

## सूडोकु नवताल - 5505

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5504 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### सीटी स्कैनर 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' लांच

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने कैंसर के इलाज में अत्याधुनिक



डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी- पीईटी (पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) सीटी स्कैनर 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' को लांच किया है। यह अत्याधुनिक उपकरण मरीजों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है।

### एक्सिस बैंक का मुनाफा 24,861 करोड़ रु.हुआ

**मुंबई ।** एक्सिस बैंक ने अपने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वार्षिक परिणामों की घोषणा की। इसमें 24,861 करोड़ रुपए का वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 23 में 9,580 करोड़ की तुलना में यह 160 फीसदी अधिक रहा। वित्त वर्ष 24 में बैंक की शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 16 फीसदी और तिमाही आधार पर 11 फीसदी बढ़कर 49,894 करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 23 में यह 42,946 करोड़ रुपए थी। शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.06 फीसदी रहा और तिमाही में 5 बीपीएस की वृद्धि हुई।

### जीसीपीएल ने शुरू किया देशव्यापी सर्वे

**नई दिल्ली।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के भारत के अग्रणी घरेलू कीटनाशक ब्रांड गुडनाइट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से महत्वपूर्ण रहस्य सामने आया है। आगामी विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) को देखते हुए यह सर्वे और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल के साथ यह देशव्यापी सर्वे गुडनाइट द्वारा शुरू किया गया था, और बाजार अनुसंधान फर्म यूगो द्वारा आयोजित किया गया था। यह सर्वे जनता के रुख की जांच करता है।

### साईं स्वामी मेटल्स का आईपीओ 30 को

**मुंबई।** साईं स्वामी मेटल्स एंड अलॉयस लिमिटेड स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स के विस्तृत रेंज की ट्रेडिंग और मार्केटिंग करने वाली एक प्रमुख खिलाड़ी, कंपनी ने 30 अप्रैल 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत 60 रुपए प्रति शेयर मूल्य पर 15 करोड़ रुपए एकत्र करना है। कंपनी के शेयर्स सेट बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे। इश्यू साइज 10 प्रत्येक सम भाव पर 25,00,000 इक्विटी शेयर्स तक है।

---

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*शहर में एवरेस्ट और एमडीएच मसाला के सैंपल लेकर जांच कराने पर बोले*

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन के मैदानी अमले को कमिश्नर के आदेश का इंतजार

एवरेस्ट और एमडीएच मसालों में प्रतिबंधित केमिकल पाए के बाद सिंगापुर और हांगकांग ने मसालों पर बैन लगा दिया है। जिसके संज्ञान बोर्ड तो सक्रिय हुआ ही है साथ ही खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भी हरकत में आया है, लेकिन स्थानीय स्तर यानी भोपाल, मध्यप्रदेश में केमिकलयुक्त एवरेस्ट और एमडीएच मसालों को लेकर खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन का रवैया सुस्त है। प्रशासन के अधिकारी और मैदानी अमला अपने उच्च अधिकारी (कमिश्नर) के आदेश का इंतजार कर रहे है।




### आदेश और निर्देश का विभाग का मैदानी अमला करेगा पालन : दुबे

*खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन भोपाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे के अनुसार एवरेस्ट और एमडीएच मसालों में कुछ गड़बड़ी की जानकारी लगी है। एवरेस्ट और एमडीएच मसाले स्टरलाइजिंग एजेंट एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) पैरामीटर में सैंपल फेल हुए है। अतः विभाग के मैदानी अमले को कमिश्नर के आदेश का इंतजार है कि सेंपल प्रोडक्ट का लेना है या मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट में। एफएसएसएआई ने सैंपल टेस्ट के लिए लेबोरेटिज को लिस्ट भेजी है। दुबे ने बेबी फूड प्रोडक्ट सेरेलैक्स, हार्लिक्स और बोनविटा के बारे में कहा कि इसमें क्या गड़बड़ी है इस बाद की जानकारी नहीं हैं। अगर एफएसएसएआई और विभाग के उच्च अधिकारी इन प्रोडक्ट के संबंध में जो भी आदेश और निर्देश देंगे विभाग का मैदानी अमला उसका पालन करेगा।*

### कंपनियों ने मार्केट से प्रोडक्ट को वापस नहीं बुलाया

इस नेस्ले, बोर्नविटा, हार्लिक्स एवरेस्ट और एमडीएच मसाला के डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर्स और विक्रेताओं का कहना है कि स्थानीय बाजार में उक्त प्रोडक्ट की बिक्री जारी है। उक्त प्रोडक्ट निर्माता कंपनियों द्वारा मार्केट से प्रोडक्ट को वापस नहीं बुलाया गया है।

---

## भोपाल संभाग में तीन लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

# भोपाल संभाग के 19143 किसानों ने बेचा गेहूं, 4 अरब 6.9 करोड़ का हुआ भुगतान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

### अब तक हुई 1.78 लाख मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीदी

गेहूं उत्पादक किसानों को उनकी उपज का अधिकतम दाम देने के लिए राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूं उपार्जन के लिए प्रति क्विंटल बोनस के साथ 2400 रुपए की दर निर्धारित है। भोपाल संभाग में सहकारी समितियों के माध्यम से 72 उपार्जन केंद्रों पर पर मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार इस सीजन संभाग में 32700 किसानों ने अपना गेहूं विक्रय करने सरकारी पोर्टल पर पंजीयन किया है। अतः इन किसानों में से 19143 किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर अभी तक 179503 मीट्रिक टन गेहूं का विक्रय किया। यानी भोपाल संभाग में अब तक 4 अरब 6 करोड़ 9 रुपए का गेहूं सरकारी उपार्जन केंद्रों पर क्रय किया गया। जिसमें में 3 अरब 2 करोड़ 84 लाख रुपए का भुगतान हो चुका है। गौरतलब है कि सरकार भोपाल संभाग में गेहूं खरीदी का लक्ष्य 3 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है लेकिन जिले में गेहूं का उपार्जन लक्ष्य से काफी कम है। उपार्जन 72 उपार्जन केंद्रों के मार्फत अभी तक 1.78 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदा गया है। यानी निर्धारित लक्ष्य का 70 फीसदी गेहूं भी अभी तक नहीं खरीदी गया।



### मप्र में 15,45,038 किसानों ने कराया पंजीयन

*खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अनुसार रबी मार्केटिंग सीजन 2024-25 में अभी तक 32,19,254 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। इस मामले में मध्यप्रदेश सबसे आगे है। यहां रजिस्ट्रेशन करवाने वाले किसानों की संख्या 15,45,038 हो गई है। हरियाणा में 7,36,731 किसानों ने सरकार को गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। इसी तरह पंजाब में 4,20,064, उत्तर प्रदेश में 3,53,829 और राजस्थान में 1,34,327 किसान रजिस्टर्ड हुए हैं।*

### मप्र में अब तक 28,96,119 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी

रबी मार्केटिंग सीजन 2024-25 की शुरुआत में गेहूं खरीद के मामले में मध्यप्रदेश सबसे आगे था। हालांकि अब वो खरीद के मामले में तीसरे नंबर पर चला गया है। यहां 26 अप्रैल तक 28,96,119 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। मध्यप्रदेश में किसानों को गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए पर 125 रुपए का बोनस मिल रहा है। इस तरह यहां सरकारी दाम 2400 रुपए क्वंटिल है। राजस्थान में भी बोनस के साथ सरकारी दाम 2400 रुपए दिया जा रहा है। हालांकि यहां पर अब तक सिर्फ 2,85,621 मीट्रिक टन की ही खरीद हो सकी है।

---

## भोपाल में रोज बिक रही करीब 15 लाख रु. की हल्दी

# चटक हुई हल्दी, भाव बीते साल से तीन गुना अधिक उत्पादन आधे से भी कम



***वाणिज्य प्रतिनिधि. भोपाल।*** *सब्जियों में रंग को चटक करने वाली हल्दी के भाव में इन दिनों महंगाई का जोरदार चटक रंग चढ़ा हुआ है। हल्दी के भाव बीते साल से 3 गुना है। बाजार जानकारों के अनुसार मौजूदा सीजन नई हल्दी की आवक का है,लेकिन चालू सीजन में हल्दी की आवक घटने से इसके भाव ऊंचे है। बताया जा रहा है कि इस साल हल्दी का उत्पादन आधे से भी कम है। जिसके चलते स्थानीय बाजारों में हल्दी के भाव में टाइट है।*

### हल्दी का वायदा भाव 3,500 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा

बाजार जानकारों के अनुसार नई हल्दी की आवक का दबाव कमजोर है। जिससे हल्दी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। उत्पादन कमी होने से हल्दी की तेजी को बल मिला है। कमोडिटी एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज पर हल्दी के जून अनुबंध ने 12 अप्रैल को 16,002 रुपए के भाव पर इस महीने का निचला स्तर छुआ था, जो आज बढ़कर 19,668 रुपए के भाव पर महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस तरह बीते 11 दिन में हल्दी के वायदा भाव में 3,500 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है। कारोबारी अनुमान के मुताबिक इस साल देश में हल्दी का उत्पादन घटकर 50 से 55 लाख बोरी रह सकता है, जो पिछले साल के 80 से 85 लाख बोरी (60 किलो) उत्पादन से काफी कम है। हल्दी का उत्पादन कम होने से फंडामेंटल मजबूत है। हल्दी कीमतों में तेजी जारी रह सकती है।

### भाव क्वालिटीनुसार 180 से 280 रुपए किलोग्राम

मसाला कारोबारी अनिल कुकरेजा के अनुसार स्थानीय भोपाल बाजार में हल्दी के भाव क्वालिटीनुसार 180 से 280 रुपए किलोग्राम है जबकि बीते साल भाव 70 से 125 रुपए प्रति किलोग्राम थे। कुकरेजा के अनुसार राजधानी भोपाल में 6 से 7 टन हल्दी रोजाना की आवक है अतः शहर में रोजाना 15 लाख रुपए के करीब की हल्दी रोजाना बिक रही है। उनके अनुसार हल्दी उत्पादक क्षेत्र इरोड, निजाम, सांगली में नई हल्दी आ चुकी है। हल्दी की मांग अच्छी बनी हुई है। हल्दी के भाव पिछले साल के मुकाबले 3 गुना हो चुके हैं। थोक बाजार में कीमत 180 रुपए से 280 रुपए किलो है।

---

### शेयर बाजार: सेंसेक्स 609 अंक फिसला निफ्टी 22450 से नीचे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से जारी बढ़त पर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन ब्रेक लग गया। मई सीरिज के पहले दिन घरेलू शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत के बावजूद बाजार में बिकवाली दिखी। शुक्रवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए। देश में लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे दूसरे चरण के मतदान के बीच शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 609.28 अंक टूटकर 73,730.16 पर बंद हुआ। दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 150.40 अंक फिसलकर 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ।

---

इनकम टैक्स विभाग ने दी राहत

# पैन से आधार 31 मई तक किया लिंक तो कम टीडीएस कटौती पर नहीं होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इनकम टैक्स विभाग ने टीडीएस और टीसीएस कटौती को लेकर टैक्सपेयर्स और कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। इनकम टैक्स विभाग ने कहा है कि टीडीएस की कम कटौती को लेकर टैक्सपेयर्स और कारोबारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी

अगर टैक्सपेयर्स 31 मई 2024 तक पैन को आधार के साथ जोड़ देते हैं। इनकम टैक्स विभाग के नियमों के मुताबिक अगर पैन नंबर आधार के साथ लिंक नहीं है तो दोगुनी रेट के साथ टीडीएस कटौती का प्रावधान है. लेकिन सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने कहा कि उसे टैक्सपेयर्स की ओर से कई शिकायतें मिली है कि उन्हें इसे लेकर नोटिस मिला है जिसमें लिखा है कि उन्होंने ऐसे लेनदेन करते समय टीडीएस /टीसीएस की कम कटौती या संग्रह करने की चूक की है, जहां पैन निष्क्रिय थे।

### प्रोसेसिंग करने पर टैक्स की मांग की गई

ऐसे मामलों में उच्च रेट पर कटौती नहीं किया गया है, लिहाजा इनकम टैक्स विभाग ने टीडीएस/ टीसीएस स्टेटमेंट के प्रोसेसिंग करने पर टैक्स की मांग की गई है। ऐसे शिकायतों के निपटारे के लिए सीबीडीटी ने कहा है कि 31 मार्च 2024 तक किए गए ट्रांजेक्शन और ऐसे मामले जिसमें 31 मई 2024 से पहले पैन आधार लिंक करने के चलते पैन ऑपरेटिव हो चुका है ऐसे मामलों में उच्च रेट के हिसाब से टैक्सपेयर्स को टैक्स नहीं देना होगा।

### टैक्स डिडक्टर को कुछ राहत मिली : मृदुल

टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहा कि सर्कुलर के चलते टैक्स डिडक्टर को कुछ राहत मिली है जिसमें पैन आधार के साथ जुड़े नहीं होने के चलते पैन निष्क्रिय हो चुका था। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में करदाताओं को जल्द से जल्द पैन को आधार से जोड़ लेना चाहिए। अलग-अलग तरह की आय के स्रोतों पर टीडीएस काटा जाता है। जिसमें सैलेरी, निवेश, बैंक एफडी, कमीशन शामिल है।

---

### मारुति सुजुकी का लाभ 3,877.8 करोड़ रु. हुआ

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने मार्च में समाप्त चौथी तिमाही के लिए शानदार नतीजे दर्ज किए हैं। शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 47.8 फीसदी उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का मुख्य रूप से भारी बिक्री और अनुकूल कीमतों के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है।

---

# एसबीआई कार्ड ने पहला यात्रा-केंद्रित कोर क्रेडिट कार्ड 'माइल्स' पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसबीआई कार्ड ने अपना पहला यात्रा-केंद्रित कोर क्रेडिट कार्ड, 'एसबीआई कार्ड माइल्स' पेश किया। कार्ड व्यापक यात्रा लाभों का वादा करता है, जिसमें ट्रैवल क्रेडिट को एयर माइल्स और होटल पॉइंट्स में बदलना, सभी यात्रा बुकिंग पर बढ़े हुए पुरस्कार और हवाई अड्डे के लाउंज तक पहुंच शामिल है।

बैंक ने एयर विस्तारा, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स जैसे 20 से अधिक अग्रणी एयरलाइन और होटल ब्रांडों के साथ साझेदारी की है। एसबीआई कार्ड ने कहा कि इसके तीन प्रकार हैं,




एसबीआई कार्ड माइल्स एलीट, एसबीआई कार्ड माइल्स प्राइम और एसबीआई कार्ड माइल्स, जिन्हें क्यूरेटेड यात्रा लाभों के माध्यम से इन अनुभवों को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा के अनुसार मज़बूत आर्थिक विकास और मज़बूत खपत परिदृश्य ने दुनिया में भारत की स्थिति में इजाफा किया है।

### छह यात्रा क्रेडिट

यहां तक कि ट्रैवेल सेक्टर में, आज भारत को एशिया और यूरोप सहित कई देशों में आउटबाउंड ट्रैवेल के लिए प्रमुख स्रोत बाजारों में से एक माना जाता है। मैं एसबीआई कार्ड माइल्स के लांच पर एसबीआई कार्ड को बधाई देता हूं, जो एक मजबूत प्रोडक्ट है और जो भारतीय कंज़्यूमर्स के लिए यात्रा के अनुभवों को फिर से परिभाषित करेगा। कार्डधारक प्रत्येक 200 रुपए के यात्रा खर्च पर 6 यात्रा क्रेडिट और अन्य श्रेणियों पर 200 रुपए खर्च करने पर 2 यात्रा क्रेडिट तक कमा सकते हैं।

---

## बिजनेस न्यूज

### भाभा विवि ने आयोजित किया निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर



**भोपाल।** कोलार स्थित सर्वधर्म बी सेक्टर के शिव मंदिर के प्रांगण में भाभा विश्वविद्यालय के नामांकित डॉक्टर द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 70 लोगों के दातों की जांच की गई। इस शिविर मे डॉक्टर द्वारा दातों की ब्रश करने का तरीका बताया गया एवं दातों की सुरक्षा वह देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई ।

### शैल एडवरटाइजिंग में 'सदा शुभ है' कैलेंडर का विमोचन



**भोपाल।** शैल एडवरटाइजिंग भोपाल के तत्वावधान में होशियार सिंह पटेल द्वारा रचित राष्ट्र को समर्पित कविता सदा शुभ है कैलेंडर का विमोचन सन्नी पैलेस एमपी नगर भोपाल में किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम माहेश्वरी, शैलेंद्र खरे संचालक एडवरटाइजिंग व मंदिर समिति सचिव, समय साक्षी पत्रिका के संपादक पूरनलाल विश्वकर्मा एवं रचनाकार होशियार सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### लीला ऑटोमोबाइल को मिला बेस्ट सर्विस का अवॉर्ड




**भोपाल।** अतुल ऑटो लिमिटेड के द्वारा होटल रेडिशन में रीजनल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें लीला आटोमोबाइल भोपाल को बेस्ट सर्विस का अवॉर्ड दिया गया। इस मौके पर लीला आटोमोबाइल के डायरेक्टर राधेश्याम विश्वकर्मा ने इस अवॉर्ड को अपनी टीम की बेहतर सर्विस के लिए उनको बधाई दी। अतुल ऑटो लिमिटेड के डायरेक्टर नीरज चंद्रा एवं उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। लीला आटोमोबाइल सेल्स में मध्यप्रदेश में दूसरे नंबर पर रही लीला आटोमोबाइल अपनी बेहतर सर्विस के कारण मध्यप्रदेश में पहला स्थान पाने में सफल रही।

### सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार से संस्कृति की स्थापना हमारा ध्येय: ब्रह्मचारी गिरीश




**भोपाल।** महर्षि संस्थान में यज्ञोपवीत संस्कार का शुभारंभ करते हुए महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार की परंपरा वर्षों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही है। परम पूज्य महर्षि महेश योगी ने इसे उत्साहपूर्वक वर्षों पूर्व प्रारंभ किया था जो की अनवरत जारी है। यज्ञोपवीत संस्कार हमारे आध्यात्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर ब्रह्मचारी गिरीश ने यज्ञोपवीत संस्कार ग्रहण करने वाले समस्त बटुकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए यज्ञोपवीत संस्कार को नवजीवन, नव संकल्पनाओं और नवीन ऊर्जा का स्रोत बताया। यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय रतनपुर के महर्षि मंगलम भवन में किया गया था। सर्वप्रथम महर्षि संस्थान की गुरु परंपरा अनुसार गुरु पूजन किया गया इसके पश्चात यज्ञोपवीत संस्कार आरंभ हुआ। यज्ञोपवीत संस्कार में वैदिक पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के जरिए विधि विधान से यज्ञोपवीत संस्कार एवं पूजन संपन्न करवाया।

### ओरिएंटल कैंपस में संस्थापक को दी गई श्रद्धांजलि



**भोपाल।** ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने अपने श्रद्धेय संस्थापक डॉ.केएल ठकराल (बाबूजी) की पुण्य तिथि मनाई। संकाय सदस्य, छात्र और विशिष्ट अतिथि पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि देने और उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए एकत्र हुए। हम बाउजी के मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिज्ञा करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि संस्थान आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान और संस्कार का प्रतीक बना रहे। संस्थान के चेयरमैन प्रवीण ठकराल, अन्य परिवार जन, मित्र और समस्त ओरिएंटल स्टाफ ने बाबूजी और उनके किए हुए सराहनीय कार्यों को याद किया। हमें हमारे जीवन और समुदाय में उनकी उपस्थिति के स्थायी प्रभाव की याद दिलाती हैं।

### आईआईएम में डिग्री प्रोग्राम प्रवेश शुरू

**संबलपुर।** आईआईएम संबलपुर ने एनएसई एकेडमी के सहयोग से ब्लेंडेड मोड में एमबीए इन फिनटेक मैनेजमेंट प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। यह किसी आईआईएम द्वारा शुरू की जाने वाली पहली फिनटेक-केंद्रित एमबीए डिग्री है। संस्थान ने दोहरी डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू की है, जिसके तहत आवेदक पेरिस के सोरबोन बिजनेस स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय वित्त में एमबीए कर सकते हैं। संस्थान ड्यूअल डिग्री प्रोग्राम का विकल्प भी दे रहा है जिसके तहत आवेदक सोरबोन विश्वविद्यालय, पेरिस से 'एमबीए इन इंटरनेशनल फाइनेंस' का कोर्स भी कर सकते हैं।

### आईटेल स्मार्टफोन डिजिटल क्षमताओं से युक्त

**मुंबई।** आईटेल सेगमेंट में पेश किए गए फीचर्स, उच्च मूल्य प्रस्ताव और आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बजट अनुकूल स्मार्टफोन लेकर आता है। देश भर में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले 2000 से अधिक उपयोगकर्ताओं पर सीएमआर द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक फीचर फोन इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता ऐसे फीचर फोन पसंद करते हैं जिनकी बैटरी लाईफ अधिक हो (78 फीसदी), जो इस्तेमाल में आसान हो (74 फीसदी), किफायती (57 फीसदी) और अन्य डिजिटल क्षमताओं से युक्त हों। उल्लेखनीय है कि हर चार में से तीन यूजर रु 6000 से 8000 कीमत की रेंज वाले स्मार्टफोन की ओर रूख करना चाहते हैं।

### आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज को मिली टॉप 25 में मान्यता

**मुंबई।** आरोहण फाइनेंशियल सेवाएं लिमिटे एक अग्रणी एनबीएफसीएमएफआई और आविष्कार ग्रुप का हिस्सा, 19 राज्यों में संचालन करते हुए इंडिया'बेस्ट वर्क प्लेसेस एनबीएफएसआई 2024 टॉप 25 में मान्यता प्राप्त की गई है। इस मान्यता का मूल्यांकन प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेसटू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित किया गया था, जो कंपनी की अत्यधिक लोगों की प्रथाओं की सराहना करता है। आरोहण फाइनेंशियल सेवाएं लिमिटेड की हेड ऑफ एचआर, कंचन बनर्जी ने कहाकि हमें इस सम्मान पूर्ण मान्यता के लिए बहुत गर्व है।

### 29 रु. प्रतिमाह पर 'जियो सिनेमा प्रीमियम' की घोषणा

**मुंबई।** जियो सिनेमा ने ख़ुद को हर भारतीय घर की पहली पसंद के तौर पर स्थापित कर लिया है। अब डिवाइस प्रतिबंध, लो क्वालिटी के वीडियो और ज़्यादा लागत वाली सदस्यता योजनाओं जैसी उपभोक्ता के सामने पेश आने वाली प्रमुख बाधाओं को हल करते हुए जियो सिनेमा ने अपनी नई सदस्यता पेशकश 'जियो सिनेमा प्रीमियम' की घोषणा की है। मात्र 29 रुपए मासिक से शुरू होने वाली नई प्लांस में विज्ञापन मुक्त क्वालिटी और ऑफ लाइन देखने के विकल्प उपलब्ध होंगे।

---

## बिजनेस साइट

# लार्ज कैप निवेश क्यों मायने रखता है?

**भोपाल।** भारतीय इक्विटी निवेशकों के लिए पिछला साल बेहद फायदेमंद रहा है। सभी मार्केट सेगमेंट्स- स्मॉल, मिडकैप और लार्ज कैप ने अच्छा रिटर्न दिया, लेकिन स्मॉल और मिडकैप ने लार्ज कैप से बेहतर प्रदर्शन किया। इक्विटी बाजारों में इस उछाल ने निवेशकों के पास दो विकल्प छोड़े हैं - या तो निवेश में बने रहें या इस उम्मीद में और पैसा लगाएं कि मौजूदा गति जारी रहेगी या यह सोचकर शेयर बाजार से बाहर निकल जाएं कि बाजार में और तेजी नहीं आएगी।

पहले देखा गया है कि रिटर्न के पीछे भागने वाले निवेशकों को अक्सर निराशा का सामना करना पड़ता है। ऐसा तब होता है जब आप शेयरों के मूल्यांकन पर विचार नहीं करते हैं और अधिक कीमत वाले शेयरों या क्षेत्रों में निवेश करते हैं। इस प्रकार, निवेश की संभावनाओं का आकलन करने में मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण पैरामीटर के रूप में खड़ा है, जो यह दर्शाता है कि विकास संभावनाओं के लेंस के माध्यम से देखने पर मार्केट कैप सेगमेंट को अधिक मूल्य दिया गया है, कम मूल्य दिया गया है, या उचित मूल्य दिया गया है।

पिछले वर्ष के दौरान, मिड और स्मॉल कैप में निवेशकों की रुचि बढ़ी है, जैसा कि मासिक प्रवाह डेटा से देखा जा सकता है। इस स्थिति को देखते हुए, मूल्यांकन काफी अच्छा हो गया है, खासकर व्यापक बाजार में। ऐसे समय में, यदि कोई निवेशक ताजा इक्विटी निवेश करना चाह रहा है, तो मूल्यांकन के नजरिए से लार्ज कैप अधिक आकर्षक प्रतीत होते हैं। हालांकि, ऐसे कई तरीके हैं जिन पर निवेशक लार्ज कैप में निवेश करने पर विचार कर सकता है। यह या तो प्रत्यक्ष निवेश के माध्यम से या म्यूचुअल फंड के माध्यम से हो सकता है।



स्मिता सक्सेना
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

**लार्ज कैप म्यूचुअल फंड में निवेश**

लार्ज कैप में निवेश करने का सबसे आसान तरीका लार्ज कैप केंद्रित म्यूचुअल फंड में निवेश करना है। अधिकतर सभी फंड हाउसों की पेशकश लार्ज कैप केंद्रित होती है। परिणामस्वरूप, एक निवेशक के पास चुनने के लिए विभिन्न प्रकार के फंड होते हैं। इनमें सबसे पुराना (15 वर्ष का ट्रैक रिकॉर्ड) और कैटेगरी में सबसे बड़ा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिपफंड पाया गया है।

इस फंड ने कई बाजार तूफानों का सामना किया है और पिछले कुछ वर्षों में लगातार बेहतर रिटर्न दिया है। यह फंड अल्फा रिटर्न उत्पन्न करने के उद्देश्य से विभिन्न विविध क्षेत्रों के उच्च विश्वास वाले शेयरों में निवेश करने के लिए जाना जाता है। 31 मार्च, 2024 तक, फंड ने एक साल में 42.4 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न दिया और तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 21.5 प्रतिशतऔर 17.9 प्रतिशत का काफी अच्छा रिटर्न दिया है।

## चिंतन

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर बेवजह सवाल सही नहीं

देश में जारी आम चुनाव के दौरान वीवीपैट से जुड़ीं सभी याचिकाएं खारिज कर सौ फीसदी वीवीपैट से मिलान की मांग का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है। ईवीएम को लेकर जारी बहस पर भी विराम लग गया है। देश में ईवीएम से चुनाव होते रहेंगे, मतपत्र की ओर लौटने की किसी भी संभावना का अंत हो गया है। चुनाव की मौजूदा व्यवस्था चलती रहेगी। अभी ईवीएम से चुनाव होते हैं और चुनिंदा सेंटरों पर वीवीपैट से मिलान की व्यवस्था है। ईवीएम से चुनाव में किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी की आशंकाओं को निर्वाचन आयोग पहले ही खारिज कर चुका है। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए अहम बात कही कि तंत्र के किसी भी पहलू पर ''आंख मूंद कर अविश्वास करना'' बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी खारिज कर दिया है। दरअसल, लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला भी दिया है कि उम्मीदवार की शिकायत पर ईवीएम की जांच हो सकती है। ईवीएम के 42 वर्ष के इतिहास में ऐसा प्रावधान पहली बार किया गया है। अगर दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले को किसी प्रकार का शक है तो वे 7 दिनों के भीतर शिकायत कर सकते हैं। इस जांच का खर्च प्रत्याशी को उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले उम्मीदवार को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी तीन निर्देश दिए हैं। चुनाव चिन्ह लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण किया जाय। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग यह भी देखे कि चुनाव चिन्ह के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है क्या? दिलचस्प है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालत ने अब तक 40 बार खारिज की है। 24 अप्रैल को 40 मिनट की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में शामिल न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने एक महत्वपूर्ण बात भी की है कि केवल अटकल के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने की अनुमति नहीं दे सकते। यह उन याचिकाकर्ताओं को आईना दिखाना है, जो बार-बार इस मुद्दे को अदालत लेकर गए हैं। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, याचिकाकर्ता न तो कभी यह दिखा पाए कि चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के सिद्धांत का कैसे उल्लंघन करता है और न ही डाले गए सभी वोट से वीवीपैट पर्चियों के शत प्रतिशत मिलान के अधिकार को साबित कर सके। चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वीवीपैट का इस्तेमाल करीब 11 वर्ष पहले शुरू किया गया था। समय के साथ ईवीएम खरी उतरी हैं और मतदान प्रतिशत में वृद्धि इस बात को मानने का पर्याप्त कारण है कि मतदाताओं ने मौजूदा प्रणाली में विश्वास व्यक्त किया है। देश को पिछले 70 वर्ष से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने पर गर्व रहा है, जिसका श्रेय काफी हद तक निर्वाचन आयोग और जनता द्वारा उस पर जताए गए विश्वास को दिया जा सकता है।

## सारा संसार



अट्टुकल भगवती मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित बहुत ही आकर्षक मंदिर है। अट्टुकल भगवती मंदिर माँ देवी भगवती को समर्पित एक धार्मिक मंदिर है। इसे महिलाओं की सबरीमाला के रूप में जाना जाता है और अपने वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के लिए बड़ी संख्या में महिला भक्तों को आकर्षित करती है।

## दरकार

सोनम लववंशी



# मेधा का सम्मान करना सीखें

बीते दिनों यूपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। सीतापुर की प्राची निगम ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, लेकिन हमारे समाज की निकृष्ट सोच का स्तर देखिए प्राची के अच्छे स्कोर, उसकी पढ़ाई के प्रति लगन की सराहना करना तो दूर पर प्राची के चेहरे पर दिख रहे बालों का मजाक बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं। सोचिए उसके बाल मन पर क्या बीत रही होगी। जिस कार्य के लिए समाज को उसकी सराहना करनी चाहिए, उसके बजाय किस चीज पर बात कर रहे हैं। क्या आज के समय में चेहरे की खूबसूरती ही मायने रखती है? पढ़ाई लिखाई का खूबसूरती के आगे कोई महत्व नहीं है! प्राची ने 98.50 प्रतिशत के उत्कृष्ट स्कोर के साथ 600 में से 591 अंक प्राप्त किए हैं। ज़ाहिर सी बात है कि इसके लिए प्राची ने कड़ी मेहनत की है, लेकिन विकृत मानसिकता वाले उसकी उपलब्धि को तरजीह न देकर उसकी शक्ल-सूरत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। हमारे समाज में अक्सर एक लड़की को उसके रंग रूप को लेकर जज किया जाता है, पर सवाल तो यह है कि, क्या बिना शिक्षा के समाज चल पाएगा? अगर बिना पढ़े-लिखे सिर्फ सुंदर दिखने और फैशन से ही देश चल सकता है, तो फिर देश में एजुकेशन सिस्टम का क्या महत्व है? देश में शिक्षण संस्थानों की जगह सौंदर्य प्रसाधन केंद्र ही खोल दिए जाने चाहिए। दरअसल हमारे समाज की यही परेशानी है। कोई किसी की उपलब्धि की सराहना करे या न करे, निंदा करने में कोई पीछे नहीं रहता है। सदियों से महिला को केवल उपभोग की वस्तु के रूप में देखा जाता है जहां उसकी बाहरी खूबसूरती पितृसत्तात्मक समाज के लिए ज़रूरी हो जाती है। महिला खूबसूरत नहीं है तो उसे समाज में सम्मान की नजरों से नहीं देखा जाता है। स्त्री को स्वयं को इन मापदंडों से मुक्त करना होगा। यूं तो सोशल मीडिया के बढ़ते चलन ने भले ही सामाजिक दायरे को काफ़ी बढ़ा दिया है, लेकिन दूसरी तरफ़ ट्रोल गैंग जैसी विकृत मानसिकता एक्टिव हो गई है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंसान कौन है। उसे क्या परेशानी है। बस अपने मज़े के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में अनाप शनाप लिखना होता है। प्राची को मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीसीओएस यानी पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम नामक बीमारी है। इस बीमारी में मेटाबॉलिज्म और हॉर्मोनल इंबैलेंस ज्यादा होता है। यहां तक कि पीरियड्स की भी समस्या रहती है। सोचिए कि जिस मासूम को दुनियादारी की परवाह तक नहीं है उसे तो सिर्फ अपनी पढ़ाई से मतलब है, बावजूद इसके ट्रोल गैंग उसे निशाना बना रहा है। एक ग़रीब ठेकेदार की बेटी की कामयाबी भी सभ्य समाज से देखी नहीं गई। वैसे अगर प्राची की जगह कोई लड़का टॉप करता तब उसके रंग रूप या चहरे को लेकर कोई चर्चा नहीं करता। क्यों समाज में स्त्री और पुरुषों में इस तरह भेदभाव किया जाता है। लड़की को लेकर समाज इतना संवेदनहीन हो चला है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब किसी स्त्री को उसके रंग रूप या किसी अन्य कारण से अपमानित किया गया हो। यहां तक कि हमारे देश की राष्ट्रपति तक को उनके रंग को लेकर मज़ाक बनाया गया। हमारे समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। महिला कोई वस्तु नहीं है, उसका अपना एक वजूद है। उसे समाज में सम्मान मिलना चाहिए।

(लेखिका फ्रीलांसर एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

# राजनीतिक मूल्यों को न भूलें दल

> लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

बदलते जमाने ने हमें यह सिखा दिया है कि हवाओं के साथ बहना ही अच्छा है। कविता की ये पंक्तियां आज के राजनीतिक माहौल को बयां करने के लिए काफी हैं। लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जाहिर तौर पर लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, आचार्य नरेंद्रदेव, लाल बहादुर शास्त्री, जेपी. कामराज, कर्पूरी ठाकुर व चौधरी चरण सिंह रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

इस चुनाव को देखकर स्वामी विवेकानंद का वह वाक्य भी याद आता है कि राजनीति एक खेल है जिसे चालाक लोग खेलते हैं, मूर्ख लोग दिनभर चर्चा करते हैं। चुनाव में चर्चाओं का दौर दिनभर चलता है। ये चर्चाएं हिंसक, अहिंसक, व्यर्थ और काम की भी हुआ करती हैं। कहते हैं लोकतंत्र में चर्चाएं चुनाव के वक्त हवा बनाने या हवा का रुख बदलने का कार्य किया करती हैं, लेकिन ये चर्चाएं वाद-विवाद झगड़े और हिंसा की वजह बन जाएं तो यह सेहतमंद लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। जाहिर तौर पर आम चुनाव लोकतंत्र का जिंदा रहने का सबूत और यकीन भी है, लेकिन आम चुनाव में जिस तरह से राजनीतिक मूल्यों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रति आशंका भी पैदा कर रहा है। इसके लिए महज राजनेता ही जिम्मेदार नहीं हैं बल्कि देश का सारा तंत्र कमोवेश जिम्मेदार है। दो चरण का चुनाव हो चुका है। पहले चरण में पिछले आम चुनाव से कम मत पड़े हैं। इसकी तमाम वजह बताई जा रही हैं, लेकिन उन तमाम वजहों में एक बड़ी वजह मतदाताओं का चुनाव के प्रति उदासीन होना बताया जा रहा है। चुनाव आयोग की तमाम कवायदों के बावजूद यदि मत प्रतिशत कम है तो इसकी वजह तो यह भी हो सकती है कि लोगों के सामने कोई पार्टी या नेता के रूप में कोई ऐसा विकल्प नहीं दिख रहा है जो उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता हो। गौरतलब है आजादी के सात दशक बाद भी करोड़ों लोगों के सामने यदि समस्याओं का अम्बार लगा मिले और आम आदमी खुद को उन समस्याओं को कम या हल करने में अक्षम पा रहा हो तो उसकी उम्मीदों पर पानी फिरता ही है। इसके लिए भले ही किसी एक पार्टी को जिम्मेदार न मानें, लेकिन सबसे लम्बे समय तक देश पर शासन करने वाली पार्टी की नाकामी को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस बार के आम चुनाव में भी एक बार फिर राजनीतिक दलों में सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक मूल्यों की परवाह न करते हुए वे सभी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो राजनीतिक मूल्यों और लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह जायज नहीं ठहराए जा सकते हैं। विडम्बना ही कही जाएगी कि सत्ता पाने के लिए वे दल भी इस चुनावी समर में दंडबैठक कर रहे हैं जिनका न जनाधार है और न ही





कोई बेहतर दूरदर्शी राजनीतिक सोच ही है। जाहिर तौर पर राजनीतिक गठजोड़ व दबाव की राजनीति के बूते सत्ता हथियाने की सारी तरकीबें इस चुनाव में देखी जा सकती है। यह देखते हुए अच्छे, निष्ठावान, मूल्यों को संरक्षित करने वाले ईमानदार व सक्षम जननायक लोकतंत्र के इस समर में कूदने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं। यह स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास के लिए स्वदेशी का आधार, सतत आर्थिक व सामाजिक विकास, पशुधन व पर्यावरण सुरक्षा, सुशासन, स्वावलम्बन, हिंसा व भ्रष्टाचार मुक्त समाज, हर हाथ को काम व उसका उचित दाम और मूलभूत आवश्यकताएं मसलन सड़क, बेहतर यातायात के साधन, कृषि और कृषकों की खुशहाली, सब को बिजली, सबके लिए समान अधिकार व कानून, राजनीतिक व सामाजिक आचार संहिता का पालन, भारतीय शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं में ही सुनिश्चित करने की गारंटी, सबको पीने योग्य पानी, प्राकृतिक व मानव संसाधन का जरूरत के मुताबिक वितरण, सबको फ्री चिकित्सा, गरीब व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस नीतियां, आधुनिक सूचना तंत्र को और बेहतर बनाने की योजनाएं, बढ़ती गैर बराबरी को खत्म करने के लिए ठोस आर्थिक नीति, महिलाओं की सुरक्षा व खुशहाली, युवा वर्ग की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल जैसे जनहितकारी और राष्ट्रीय मुद्दों की जगह लोक लुभावने वादे, नारे और भाषणों की भरमार किस लोकतंत्र के हिस्से कहे जाएंगे! राजनीति के केंद्र में जो वादे या घोषणाएं होनी चाहिए उनकी जगह तुष्टिकरण, लोक लुभावने वादे, राजनीति कर सत्ता पर काबिज होने का चलन का लगातार बढ़ते जाना सुखद लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है, यह सच्चाई यदि किसी दल को याद नहीं है तो इससे न तो संविधान की रक्षा हो सकती है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों और शक्तियों को सुरक्षित करना ही सुनिश्चित हो सकता है। भारतीय लोकतंत्र का स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि दूसरे मुल्क भी भारत के मूल्याधारित लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बेहतरीन लोकतंत्र कह कर इसकी सराहना करते। आज भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव पर विश्व मीडिया की बारीक नजर लगी हुई है। वे इस उत्सव के अप्रत्यक्ष पर्यवेक्षक बने हुए हैं, इसलिए आम चुनाव महज भारतीय लोकतंत्र के लिए ही महत्वपूर्ण नही है बल्कि दुनिया में तेजी से भारत की बढ़ती साख के नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। जिस लोकतंत्र के स्वप्न हमारे संविधान निर्माताओं ने देखे थे उन स्वप्नों को पंख देने की दृढ़ इच्छा शक्ति किसी दल में दिखाई नहीं दे रही है। शायद इसलिए मतदाता इस बार खामोश है। उसकी उदासीनता यह बताती है कि कोई भी सत्ता में आए उसकी रोजमर्रा की समस्याएं जस की तस रहने वाली हैं।

भारत के कई राज्यों में लम्बे समय से अराजकता का माहौल देखने को मिलता रहा है। बाहुबलियों और माफियाओं ने अपना दबदबा शासन तक बना रखा था। लोकतंत्र का क्षरण और लोकतंत्र को बंधक बनाने वाली प्रथम चरण में देश के पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की खबरें लोकतंत्र के इस उत्सव को क्या दागदार नहीं बनाती! राष्ट्रीय हितों की कीमत पर मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। आम आदमी को चाहिए कि वह जात पात, क्षेत्रवाद और निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल ऐसी पार्टियों और नेताओं का बहिष्कार ही न करे वरन, अपने बहुमूल्य मत का इस्तेमाल करते हुए देशहित में निर्णय लें। जाहिर तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सबका साथ लेते हुए सबका विकास और आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए जो पार्टी कटिबद्ध दिखे उसे ही अपना बहुमूल्य मत दें। नोटा की बटन भी इसमें से कोई नहीं के तौर पर विकल्प के रूप में मौजूद है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## सटाका





## आज की पाती

### इलाज पर भरोसा बना रहना चाहिए

पतंजलि के कुछेक उत्पादों का मामला सुर्खियों में है। वैसे भ्रामक विज्ञापन किन्हीं एक या दो कंपनियों के ही नहीं होते, लगभग हर कंपनी अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए ऐसा करती है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से उच्चतम न्यायालय ने जो भी सवाल पूछे, उनके संबंधित संस्थाओं को साफ-साफ उत्तर देने चाहिए और सबकी निष्पक्ष और उचित जांच भी होनी चाहिए। इसका सारा सच आमजन के सामने मीडिया के जरिए भी आना चाहिए। दूसरी चीज आयुर्वेद की या अंग्रेजी दवाएं हों, इनकी कीमत इतनी निर्धारित होनी चाहिए कि ये गरीब से गरीब व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हों। - वीरेंद्र कश्यप, दुर्ग

## ट्रेंड

### कल्याण के लिए काम करेंगे



प्रेरक! यही एकमात्र शब्द है जो पूरे मालदा के माहौल का वर्णन कर सकता है। चिलचिलाती गर्मी हमें आशीर्वाद देने आए समर्थन के सागर को रोकने में असमर्थ थी। मैं इस स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हम हमेशा उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मानव होने का स्वभाव



यदि आपकी मानवता पूर्ण प्रवाह में है, तो आप अपने आस-पास के जीवन तक पहुंच जाएंगे। यह नैतिकता नहीं है- मानव होने का स्वभाव है। केवल आपके भौतिक शरीर को एक सीमा की जरूरत है। आपके बारे में बाकी सब कुछ सार्वभौमिक हो सकता है।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### यह सामान्य चुनाव नहीं



मतदान का बटन दबाने से पहले, 'हम, भारत के लोग' - भारत के संविधान की यह आत्मा, आपके दिल और दिमाग में गूंजनी चाहिए। यह मत भूलिए कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।' यह लोकतंत्र को तानाशाही के चंगुल से बचाने का चुनाव है।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अच्छी आदतों से आता स्वास्थ्य



प्यार दीर्घकालिक रिश्तों से आता है। स्वास्थ्य दीर्घकालिक अच्छी आदतों से आता है। धन लंबी अवधि के निवेश से आता है। शांति दीर्घकालिक आत्म-चिंतन से आती है। प्रतिभा दीर्घकालिक केंद्रित प्रयासों से आती है।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के मटाला हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भारत-रूस को

श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को संयुक्त रूप से दी गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे 'दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा' करार दिया गया था। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए और कैबिनेट द्वारा नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए एक प्रबंधन अनुबंध देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे के करीब एक दशक के शासन में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से यह एक है।



## ऑफ बीट

# आपका भोजन आने वाली नस्लों को बदल सकता है

पिछली शताब्दी के दौरान, आनुवंशिकी के बारे में शोधकर्ताओं की समझ में गहरा परिवर्तन आया है। जीन, डीएनए के क्षेत्र जो हमारी शारीरिक विशेषताओं के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं, 1865 में जीवविज्ञानी ग्रेगर मेंडल द्वारा शुरू किए गए आनुवंशिकी के मूल मॉडल के तहत अपरिवर्तनीय माने जाते थे। यानी, जीन को किसी व्यक्ति के पर्यावरण से काफी हद तक अप्रभावित माना जाता था। 1942 में एपिजेनेटिक्स के क्षेत्र के उद्भव ने इस धारणा को तोड़ दिया। एपिजेनेटिक्स जीन अभिव्यक्ति में बदलाव को संदर्भित करता है जो डीएनए अनुक्रम में बदलाव के बिना होता है। कुछ एपिजेनेटिक परिवर्तन कोशिका कार्य का एक पहलू हैं, जैसे कि उम्र बढ़ने से जुड़े परिवर्तन। हालाँकि, पर्यावरणीय कारक भी जीन के कार्यों को प्रभावित करते हैं, जिसका अर्थ है कि लोगों का व्यवहार उनके आनुवंशिकी को प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, एक जैसे जुड़वाँ बच्चे एक ही निषेचित अंडे से विकसित होते हैं और परिणामस्वरूप, उनमें आनुवंशिक संरचना समान होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे जुड़वा बच्चों की उम्र बढ़ती है, अलग-अलग पर्यावरणीय जोखिमों के कारण उनकी शक्ल-सूरत अलग-अलग हो सकती है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

पूर्व सीएम शिवराज विधायक पटवा ने सम्मेलन में वर-वधू को दिया आशीर्वाद

# धाकड़ नागर समाज के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक सूत्र में बंधे 16 जोड़े, अग्नि कुंड के फेरे लेकर खाईं जीवनभर साथ निभाने की कसमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री धाकड़ मैरिज गार्डन में धाकड़ नागर समाज का विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें 16 जोड़े वर-वधुओं का विधिवत विवाह रस्म पूरी कर विवाह संपन्न कराया। इस दौरान सभी जोड़ों ने जीवन भर साथ निभाने की कसमें खाईं और अग्नि कुंड के फेरे लिए। सम्मेलन का शुभारंभ करने के लिए पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री द्वारा जय धरणीधर एवं भगवान श्री राम की पूजा कर आरती की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि धाकड़ नागर समाज का 37वां विवाह सम्मेलन है, यह अनुकरणीय है। शुक्रवार को 16 भांजे-भांजी वर-वधू को मामा का आशीर्वाद है, खूब फलें फूलें, सुखमय जीवन व्यतीत करें। पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि धाकड़ नागर समाज एकता से और संगठित होकर सम्मेलन करते हैं, यह आदर्श और अनुकरणीय है। सब वरिष्ठ कमेटी के सदस्यों को बधाई देता हूं।

## प्रदेश में अनुकरणीय उदाहरण है आदर्श सामूहिक विवाहः पटवा



इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि धाकड़ नागर समाज का आदर्श सामूहिक विवाह पूरे प्रदेश में अनुकरणीय उदाहरण है। धाकड़ नागर समाज का प्रेम और आशीर्वाद है कि मुझे हर सम्मेलन में बुलाते हैं, मैं उनके प्रेम आग्रह के कारण हर सम्मेलन में शामिल हुआ हूं। पटवा ने सभी वर वधुओं को मंगलमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

## हॉल के निर्माण कार्य में सहयोग राशि देने के लिए आगे आए कई शख्स



इस अवसर पर धाकड़ नागर समाज के गौरव, इकलामा ग्राम के दामाद देपालपुर, इंदौर के विधायक मनोज पटेल ने धाकड़ मैरिज गार्डन में दूसरी मंजिल पर हाल का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर हाई कोर्ट के वकील विजय धाकड़, समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, सम्मेलन के अध्यक्ष सुभाष नागर, डॉ. भूपेंद्र नागर, तेज सिंह नागर, गौरी शंकर नागर, कैलाश डब्बू नागर, राजेंद्र नागर, अशोक पटेल, भाजपा मीडिया प्रभारी राजेंद्र नागर, कुंवर सिंह नागर, उमेश नागर, संजीव नागर, नरेंद्र सिंह नागर, शिक्षक परेश नागर, राजू पटेल, विश्वेंद्र नागर, रवि नागर, डॉ. महेंद्र धाकड़ आदि ने भूमि पूजन में सहयोग किया। इस अवसर पर विधायक मनोज पटेल ने 5 लाख रुपए हाल निर्माण में देने की घोषणा की। इसके बाद समाज के कई लोगों ने दान देने की घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल एवं जिला युवा अध्यक्ष परेश नागर, ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश मीणा, वरिष्ठ गोविंद शर्मा ने वर वधू को आशीर्वाद दिया।





### अतिथियों और वरिष्ठजनों का किया सम्मान

औबेदुल्लागंज व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, महामंत्री प्रदीप अरोरा सहित व्यापार संघ के सभी सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए। कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान, पवित्र कौर, उत्तम यादव, विनोद इरपाचे ने सम्मेलन में पहुंचकर सभी वर-वधू को शुभकामनाएं दी। प्रेस क्लब संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन का सम्मान किया और हरिभूमि की प्रशंसा की। धाकड़ नागर समाज सम्मेलन में विवाह सम्मेलन अध्यक्ष सुभाष नागर, समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, डॉ. भूपेंद्र नागर, तेज सिंह नागर, गौरी शंकर नागर, राजू पटेल, सचिव रवि नागर, फॉरेस्ट कुंवर सिंह नागर, कैलाश डब्बू नागर, पूर्व अध्यक्ष संतोष नागर ने सभी अतिथि व समाज के वरिष्ठजनों, व्यापार संघ का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। धाकड़ नागर समाज कमेटी ने धाकड़ नागर समाज सम्मेलन में दीवाटिया प्रेम तालाब, सिमराई, इटायाकला, नूरगंज, दाहोद, गेहूंखेड़ा, पारखेड़ी, दाउदपुर, तामोट, इकलामा, हिरानिया, टिगरिया, गोपालपुर, करमई, कारतलाई, लोरका, माथनी, पानगुराडिया, दीपखेड़ा, हर्रखेड़ा, बैरागढ़, मंडीदीप, भोपाल आदि स्थानों से लोग सम्मेलन में शामिल होने आए।

## खबर संक्षेप



### शिवराज ने पटवा के साथ किया पौधरोपण

**औदुल्लगंज।** स्मार्ट सिटी भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने पौधरोपण किया। राजनीती की प्रमुख धारा में रहते हुए भी पौधरोपण को अपनी दिनचर्या में शामिल करना, शिवराज सिंह चौहान के पर्यावरण के प्रति लगाव को दर्शाता है।

### पटवा ने चुनाव की तैयारी को लेकर की चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, कार्यालय प्रभारी सर्वोदय नंद, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया आदि से लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की।

### पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित



**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर परिषद औबेदुल्लागंज में स्वीप प्लान के निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम शुक्रवार को वार्ड 13 और 15 मेन मार्केट औबेदुल्लागंज में सामुहिक रूप से एकत्रित होकर बैनर पोस्टर एवं आमंत्रण पत्र, पीले चावल देकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

### शादी का झांसा देकर मिस्त्री ने किया दैहिक शोषण

**भोपाल।** बिलखिरिया पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर मिस्त्री के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी पिछले एक साल से महिला का शोषण कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय महिला मूलतः छिंदवाड़ा की रहने वाली है। पति से विवाद होने के बाद महिला भोपाल आ कर बिलखिरिया में निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रही थी। वहीं तुमेश साहू नामक एक युवक मिस्त्री का काम करता है। तुमेश ने महिला को शादी करने का झांसा दिया और उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले सप्ताह तुमेश अपने गांव छत्तीसगढ़ चला गया। तब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई।

## छोला मंदिर थाना क्षेत्र की ग्रीनसिटी कॉलोनी और जिंदल अस्पताल के बीच हुआ हादसा

# शादी से लौट रहे बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित ग्रीनसिटी कॉलोनी और जिंदल अस्पताल के बीच गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि पति और बच्चों को मामूली चोट आई है। हादसे के समय दंपती के पीछे कुछ दूरी पर देवर भी बाइक से आ रहा था ओर उसने ट्रक का पीछा कर रोक लिया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

### हादसे में निशा को सिर में आई थी गंभीर चोट



पुलिस ने बताया कि निशा कुशवाह पति महेश कुशवाह (28) कैलाश नगर, सेमरा में रहती थी और गृहणी थी। पति महेश प्राइवेट कंपनी में काम करता है। दोनों के छह और ढाई साल के दो बच्चे हैं। गुरुवार रात महेश पत्नी और बच्चों को लेकर एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए भानपुर स्थित राजवाड़ा ढाबा एवं मैरिज गार्डन पहुंचा था। रात करीब 11 बजे सभी लोग शादी से लौट रहे थे। उनके पीछे महेश का छोटा भाई राहुल कुशवाह अन्य बाइक से आ रहा था। रात करीब सवा 11 बजे के आसपास ग्रीन सिटी कॉलोनी और जिंदल अस्पताल के बीच कट पॉइंट पर बाइक टर्न करते समय उनकी बाइक को अयोध्या नगर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर पिछले हिस्से में लगी थी और पीछे बैठी निशा कुशवाह उछलकर सड़क पर गिर गई। हादसे में निशा को सिर में गंभीर चोट आई थी। महेश और बच्चों को मामूली चोट थी। गंभीर रूप से घायल निशा को इलाज के लिए भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### देवर ने पीछा कर रोका ट्रक, चालक हिरासत में

घटना के समय महेश के पीछे चल रहे महिला के देवर राहुल ने शोर मचाते हुए ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया और कुछ दूर आगे जाकर ट्रक को रोक लिया। इस बीच सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने निशा का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### चोरी के जेवरात, स्कूटर समेत डेढ़ लाख का माल बरामद



**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक सूचीबद्ध निगरानी बदमाश को गिरफ्तार कर चोरी के आभूषण और स्कूटर समेत करीब डेढ़ लाख रुपए का माम बरामद किया है। आरोपी से इलाके में हुई अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार फरियादी मुकेश यादव (45) कुम्हारपुरा मिलेट्री गेट के पास शाहजहांनाबाद में रहते हैं। बीती तीन अप्रैल को अज्ञात बदमाश उनके घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी प्रकार सुल्तानिया मस्जिद के सामने, पुरानी अदालत के पीछे शाहजहांनाबाद में रहने वाली जेबा खान के घर के सामने खड़ी स्कूटर चोरी हो गई थी। जेबा ने इसकी रिपोर्ट 22 अप्रैल को दर्ज कराई थी। डीसीपी जोन क्रमांक-3 रियाज इकबाल ने इस मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए थे। उसके बाद टीम ने इलाके के सूचीबद्ध निगरानी बदमाश छोटू उर्फ अजहर (25) निवासी गोसिया मस्जिद के पास, संजय नगर शाहजहांनाबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने उक्त वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और स्कूटर समेत करीब डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया है।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

*भोपाल। गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित नरसिंहगढ़ तिराहा पर बाइक डिवाइडर में घुसने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन शोकाकुल है इसलिए परिजन से पूछताछ नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। एएसआई कन्हैया यादव ने बताया कि वेदांश पिता अजीत तारव (19) चांदबड़, स्टेशन बजरिया में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार को वह किसी काम से परवलिया सड़क गया हुआ था। वहां से लौटते समय दोपहर करीब एक बजे के आसपास उसकी बाइक नरसिंहगढ़ तिराहा के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद उसे एंबुलेंस हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने वेदांश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण करने पर प्रारंभिक जांच में हादसा स्वयं की बाइक डिवाइड से टकराने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।*



### वरिष्ठ नेता पचौरी ने की भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। उनके इस मुलाकात पर पूरे क्षेत्र में चर्चा गर्म है। पचौरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास बनने से राजनीति हल्के मैं हलचल मची है।

### फर्जी बही से जमानत, महिला पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भोपाल।** एमपी नगर पुलिस ने फर्जी बही से जमानत लेने वाली महिला पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। उक्त प्रकरण कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार जिला अदालत की एक कोर्ट में गत 29 जनवरी 2024 को आईपीसी की धारा 306 के तहत फर्जी बही लगाकर जमानत ली गई थी। फर्जी बही गिरजाबाई के नाम पर थी। दस्तावेजों पर शक होने के कारण इसकी जांच की गई। जांच में बही फर्जी निकली। इस आधार पर कोर्ट ने एमपीनगर पुलिस को एफआईआर दर्ज कर जांच के आदेश दिए।

## मतदाता को जागरूक करने नपा ने निकाली वाहन रैली

### सीएमओ व राजस्व निरीक्षक ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देश पर स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित कराई जा रही है। शुक्रवार को शासकीय खेल मैदान से नगर पालिका द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने वाहन रैली निकाली। रैली को सीएमओ सुधीर उपाध्याय व राजस्व निरीक्षक बहादुर पाल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इस मौके पर रैली में कर्मचारी मतदाताओं को जागरूक करने



संबंधित स्लोगन लिखे बैनर तख्ती लेकर चल रहे थे। नपा के मयूर गेडांम ने बताया कि स्वीप प्लान के तहत मंडीदीप में स्वच्छता शाखा द्वारा वाहन जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## कल्याण महोत्सव का आयोजन कल

### गद्दीसीन महंत जयेशदास उदासीन कार्यक्रम में शामिल होकर देंगे प्रवचन



**संतनगर।** हिन्द सिंध की सबसे पुरानी विश्व प्रसिद्ध ज्ञानदास उदासीन की गुरु गाद्दी के 403 वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी भोपाल के बल्लूमल कम्यूनिटी हाल गुरुनानक टेकरी पर रविवार को भोपाल कल्याण सेवा मंडल द्वारा ज्ञानदास उदासीन गाद्दी के वर्तमान पीठाधीश इंदौर के महंत जयेशदास उदासीन के सानिध्य में कल्याण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव रात्रि 8 बजे सत्संग कीर्तन के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद रात्रि 9 बजे गुरु महंत जयेशदास उदासीन की मुखवाणी से भक्तगण सत्संग व प्रवचन का लाभ ले सकेंगे। गौरतलब है कि भोपाल कल्याण सेवा मंडल पिछले 15 वर्षों से इस कल्याण महोत्सव का आयोजन कर रहे है, जिसमें हर वर्ष महंत श्री जयेशदास उदासीन सम्मिलित होते हैं।

## चाणक्य स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम पुनः अव्वल

# 12वीं की अनवी को 92 और 10वीं के कृष को मिले 87 प्रतिशत अंक

बिजनेस न्यूज

**औबेदुल्लगंज।** अंग्रेजी माध्यम की अग्रणी संस्था चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हा.से. स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में अव्वल रहा। कक्षा 12 वीं अनवी नागर 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान पर रहीं। इसी तरह हर्ष मालवीय 90, महक मड़ावी 86, रागनी पैठारी 85, सलोनी चौहान 85, निशिका राजपूत 81, जया यादव 81, भाग्य श्री 80.4, राहुल यादव 78.2, जैसमिन कलीम 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने माता-पिता, चाणक्य स्कूल एवं नगर का नाम रोशन किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के टॉप फाइव में कृष साहू 87, शिवम बामनिया 79, अमन मरकाम 75, अमृता मड़ावी 70 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा आठवीं में गहना किंगर ने 92, सान्या गौर 84, देवेन्द्र मरकाम 83, मोहित कुमार ओड़ 80 एवं कक्षा पांचवीं में नित्या चौरसिया 87, शालिनी जैन 85, निसी प्रजापति 84, विनीता खत्री 84, भूमि यादव 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर एवं स्कूल का मान बढ़ाया। इस सत्र के परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 वीं में 32 छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुए और कक्षा 10वीं में 15 बच्चे प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण हुए। इस उपलब्धि पर शाला प्राचार्य भूपेंदर कौर एवं संस्था संचालक सीएस सिंह ने बच्चों को बधाई दी।



अनवी नागर



कृष साहू

### जिलाबदर का उल्लंघन करते आधा दर्जन बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम गुंडे-बदमाशों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। क्राइम ब्रां की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल छह जिलाबदर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चुनाव के दौरान शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन बदमाशों को जिलाबदर किया गया था, लेकिन वह कानून का उल्लंघन कर इलाके में ही घूमते हुए पकड़े गए। क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपी राहुल मीणा (28) निवासी शाहपुरा, आमिर उर्फ गुठली (19) निवासी ऐशबाग, सोनू पंथी (30) निवासी गौतम नगर, अभिषेक राय उर्फ गोलू (37) निवासी हबीबगंज, आमिर उर्फ पापी (26) निवासी गौतम नगर और शिवम उर्फ शुभम रैकवार (25) निवासी खजूरी सड़क को अलग-अलग इलाकों में घूमते हुए पकड़ा गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर स्थानीय थानों को सुपुर्द किया गया है।

## पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया

# भाजपा नेता के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में की तोड़फोड़, सीसीटीवी में वारदात कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात भाजपा नेता के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी। तोड़फोड़ की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना के समय आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने इस मामले में दो संदेहियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### रात करीब पौने 2 बजे हुई वारदात



पुलिस के अनुसार हरिशंकर विश्वकर्मा (58) सूबेदार कॉलोनी टीला जमालपुरा में रहते हैं। वह केबल नेटवर्क चलाते हैं और भाजपा संगठन में पदाधिकारी भी हैं। गुरुवार रात करीब दस बजे हरिशंकर ने अपनी काले रंग की स्कॉर्पियो घर के बाहर खड़ी की अंदर चले गए। सुबह देखा तो उनकी कार का कांच टूटा मिला। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर रात करीब पौने 2 बजे आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश कार के पास मौजूद दिखे। यह बदमाश पहले आपस में बातचीत कर रहे थे। इसके बाद एक बदमाश ने खंबे पर लगे फ्लैक्स को खींचकर फाड़ दिया और उसमें लगे लोहे के एंगल निकाल लिया। एंगल हाथ लगते ही आरोपियों ने स्कॉर्पियो के अगले कांच में तोड़फोड़ कर दी। कांच तोड़ने के बाद सभी बदमाश वहां से चले गए। हरिशंकर ने बताया कि कांच तोड़ने के बाद बदमाशों ने कार के डेस बोर्ड की तलाशी भी ली, लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला।

### गाड़ी में अक्सर रखते थे रिवाल्वर

हरिशंकर विश्वकर्मा के पास खेती है। वह अक्सर गांव आते-जाते रहते हैं। सुरक्षा के लिए वे अपनी कार में रिवाल्वर भी रखते थे, लेकिन आदर्श आचार संहिता के चलते उन्होंने रिवाल्वर थाने में जमा कर दी। विश्वकर्मा का कहना है कि उनका मोहल्ले में किसी से कोई विवाद नहीं है, इसलिए अनुमान है कि उक्त वारदात चोरी की नीयत से अंजाम दी गई होगी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

शराब पीने का आदी था युवक, नशे में अक्सर होता था पत्नी से विवाद

# बंद कमरे में पत्नी से मारपीट, बेहोश हुई पत्नी तो पति ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेमरा तिराहा पर गुरुवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसका पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद होने पर उसने पत्नी से मारपीट कर दी। मारपीट में पत्नी बेहोश हुई तो पति ने कमरे में रोशनदान पर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था, जबकि फांसी लगाने वाले पति का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार सीताराम कुशवाह पिता उमेश सिंह कुशवाह (42) सेमरा तिराहा, अशोका गार्डन में रहता था। उसके परिवार में खुशबू कुशवाह और दस साल का बेटा और आठ साल की बेटी है। मूलतः विदिशा के पिपलिया चौराहा निवासी सीताराम मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। गुरुवार को वह काम पर नहीं गया था। शराब पीने के कारण उसका पत्नी से अक्सर विवाद होता था। गुरुवार दोपहर भी पत्नी से उसका विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर उसने पत्नी को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट कर दी। मारपीट होने से पत्नी बेहोश हो गई तो उसने रोशनदान पर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

### बच्चों ने दी रिश्तेदार को जानकारी

सीताराम के बच्चे ने दूर के रिश्तेदार को घर के बाहर से गुजरता देख बताया था कि मां पिता के साथ कमरे में मारपीट कर रहे है और दरवाजा नहीं खोल रहे है। उन्हें आवाज दी, लेकिन न तो मां दरवाजा खोल रही है और न ही पिता दरवाजा खोल रहे हैं। रिश्तेदार घर पहुंचा और खिड़की से झांककर देखा तो उसे सीताराम की लाश फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरा खोला तो सीताराम की लाश फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई, जबकि कुछ दूरी पर उसकी पत्नी खुशबू कुशवाह बेहोश पड़ी थी। पुलिस ने सीताराम का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था।





## चाय पे चर्चा

मालवीय नगर स्थित अग्रवाल भोजनालय में लोकसभा चुनाव को लेकर चाय पर राजनैतिक चर्चा करते मिले राजधानी के युवक

# चुनाव के बाद नहीं देते शहर पर ध्यान उम्मीदवार के चयन में बरतें सावधानी



लोकसभा सीट भोपाल पर पिछले 35 सालों से जितने भी सांसद रहे। चुनाव होने के बाद वह विकास के कामों को लेकर भी कोई रुचि नहीं दिखाते। ऐसे में जरूरी है कि मतदाताओं को उम्मीदवार चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। यह चर्चा मालवीय नगर स्थित अग्रवाल भोजनालय में चाय पर चर्चा करते हुए हर्षवर्धन शर्मा और भास्कर राव मिले।

लोकसभा चुनाव को लेकर हर्षवर्धन ने कहा कि देश में चुनाव को लेकर माहौल बनने लगा है। राजधानी में सात मई को वोटिंग है। नामांकन जमा होने के बाद प्रचार अभियान ने जोर पकड़ लिया है, लेकिन इस बार आम लोगों को चाहिए कि मतदाता चयन में सावधानी बरतें। भाजपा ने आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। यह स्थानीय होने के साथ आम लोगों के बीच के व्यक्ति हैं। उन्हें लोकसभा चुनाव में टिकट दिया गया है। इधर कांग्रेस ने भी अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। वह भी आम लोगों के बीच जाकर अपनी बात रख रहे हैं। जिस पर भास्कर राव ने कहा कि पार्टी कोई भी हो, लेकिन मतदाताओं को उम्मीदवार की ईमानदारी और आम लोगों के बीच पकड़ को प्राथमिकता देना चाहिए। जीत-हार तो लगी रही रहती है।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान की शक्ति का सोच समझकर उपयोग करें...

मतदाताओं को मतदान की शक्ति का सोच समझकर उपयोग करना चाहिए। यह हमारे



अधिकार व लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। मैं पहली बार मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैं अवश्य वोटिंग करूंगा। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करूंगा। मतदान से पहले उम्मीदवार की पूरी प्रोफाइल देखूंगा। घोषणा-पत्र को ध्यान में रखते हुए वोट करूंगा, क्योंकि उससे उम्मीदवार क्षेत्र की जनता को क्या सौगात देने वाला है, इसका पता चल जाता है।

**सौभाग्य श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

### युवा जागरूक है, वह लोगों को भी कर रहे जागरूक...

वोटिंग को लेकर युवा वर्ग तो जागरूक है। समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए कई तरह के



अभियान चलाए जा रहे हैं। मैं पहली बार इस लोकसभा चुनाव में मतदान करने जा रहा हूं। वोटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं, साथ ही अधिक लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक युवा वोट करें, इसको लेकर सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से अभियान भी चलाया जा रहा है। मैं काफी सोच-समझकर अपने मतदान का उपयोग करूंगा, जिससे देश को एक अच्छी सरकार मिल सके। साफ छवि के व्यक्ति संसद तक पहुंच सकें।

**अभय त्रिपाठी**, युवा मतदाता

### इस बार के मुकाबले वर्ष 2019 में ज्यादा हुआ था मतदान

# गर्मी, विवाह व विपक्ष के अधिक प्रभावी प्रचार के न होने की स्थिति में अपेक्षाकृत कमजोर रहा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में दूसरे चरण के 6 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान प्रतिशत ने सभी को चौका दिया। यह प्रथम चरण में हुए औसत मतदान से करीब 8 फीसदी कम हुआ ही, साथ में वर्ष 2019 के मतदान से भी काफी कम मतदान हुआ है। चुनाव आयोग से मिले आंकड़ों को देखे तो सबसे अधिक मतदान होशंगाबाद में करीब 67 फीसदी हुआ है। जबकि सबसे कम मतदान रीवा में महज 48 फीसदी ही हुआ है।

### पूर्व और वर्तमान में मतदान में अंतर

पिछले तीन लोकसभा चुनावों के इन 6 लोकसभा क्षेत्रों के रूझानों को देखे तो सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में ही हुआ है। इस दौरान टीकमगढ़ में 66.57, दमोह में 65.82, खजुराहो में 68.28, सतना में 70.71, रीवा में 60.33, होशंगाबाद में 74.19 फीसदी मतदान हुआ था। जबकि वर्ष 2014 में क्रमशः 50.16, 55.33, 51.36, 62.63, 53.74 और 65.80 फीसदी मतदान हुआ था।

*सबसे अधिक होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में करीब 67 प्रतिशत वोटिंग हुई*




होशंगाबाद में वोटिंग के लगी लंबी लाइनें।

*सबसे कम मतदान रीवा संसदीय क्षेत्र में महज 48.67 फीसदी ही हुआ*




नरसिंहपुर में मतदान के लिए पहुंचे वर-वधू।

**दूसरे चरण में मध्यप्रदेश में कम मतदान पर वरिष्ठ पत्रकारों की राय**

## कहीं दमदार उम्मीदवार नहीं था तो कहीं विपक्ष रहा निष्क्रिय

दूसरे चरण के मतदान में शुक्रवार को 6 लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। हालांकि 2019 के आम चुनाव की तुलना में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है, लेकिन प्रथम चरण की तुलना में कुछ अधिक उत्साह देखने को मिला है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा का कहना है कि होशंगाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदाताओं में अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक उत्साह रहा। यदि आज के मतदान की तुलना मोदी लहर के 2014 के मतदान से की जाती है, तब यह मतदान लगभग बराबर बैठता है। रीवा और सतना में मतदान का प्रतिशत कम होना निश्चित ही कुछ विशेष सोचने को विवश कर रहा है।



मतदान कम होने का सबसे प्रमुख कारण यह है कि इस बार का चुनाव सरकार की परफॉर्मेंस पर अधिक हो रहा है। किसी ऐसे घटनाक्रम से मतदान प्रभावित नहीं दिख रहा। हालांकि राम मंदिर का विषय जन-जन की आस्था का विषय है। फिर भी यह विषय मौसम, शादी विवाह और विपक्ष के अधिक प्रभावी प्रचार के न होने की स्थिति में अपेक्षाकृत कमजोर रहा है। आज की छह लोकसभा सीटों में से सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली खजुराहो सीट में 53% से अधिक मतदान को अच्छा मतदान माना जा रहा है। इसका मूल कारण यह है कि भाजपा प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा के सामने ऐसा कोई दमदार प्रत्याशी नहीं था जो मतदाता को अपनी ओर आकर्षित कर रहा हो। आरबी प्रजापति को इंडी गठबंधन का समर्थन प्राप्त जरूर हुआ, लेकिन गठबंधन के नेताओं द्वारा प्रचार में शामिल न होना मतदाता के लिए निराशा का कारण रहा। सतना लोकसभा सीट प्रतिस्पर्धा के लिए चर्चा में रही, लेकिन वोटों के विभाजन के कारण भाजपा के लिए कोई बड़ी चुनौती नहीं बन पाई। रीवा में सबसे कम मतदान हुआ है, जिसने चुनाव परिणाम पर आशंका के बदले ढांक दिए हैं। बाकी अन्य तीन लोकसभा सीटों में कम मतदान का परिणाम पर कोई खास असर पड़ेगा, इसकी संभावना नहीं है।

यह चुनाव कोई बड़ा परिवर्तनकारी होगा इसकी संभावना नहीं दिख रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की 29 में से 28 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त की थी।

दो चरण के मतदान के बाद यह अनुमान बनता जा रहा है कि चुनाव परिणाम में कोई बड़ा उलटफेर होता हुआ दिख नहीं रहा है। इस बार के चुनाव में खजुराहो के परिणाम में वोटो का अंतर प्रमुख विषय है, जबकि रीवा पर मंथन करने की जरूरत है। विपक्ष का प्रचार में अधिक सक्रिय न होना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक के बाद एक प्रदेश में सभाएं परिणाम के लिए सार्थक हो सकती हैं। लेकिन मतदाता को 2019 के स्तर पर पहुंचने में फिलहाल कामयाब नहीं हुई है। तीसरे चरण में मतदान अधिक हो इसकी अपेक्षा सभी पक्षों की है।

## दलों का प्रचार इस तरह नहीं हो रहा है कि लोगों में मतदान के लिए उत्साह हो

वरिष्ठ पत्रकार कैलाश गौड़ का कहना है कि इस बार लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत कम होना स्वाभाविक है, क्योंकि मतदाता को लग रहा है कि सरकार तो एक प्रमुख दल की बनने के आसार है। पहले लोग ग्रुप में मतदान करने जाते थे और उत्साह भी रहता था। अभी काफी काम रह गए हैं। जबकि अब हालत यह हो गई कि लोगों को लगता है



कि सरकार तो एक प्रमुख दल की ही बन रही है। उसके मुकाबले कोई दूसरा दल है ही नहीं। इसलिए तेज गर्मी के कारण लोग घर से नहीं निकल रहे और सोचते हैं कि जाएंगे वोट डालने और समय निकल जाता है। दूसरा कारण यह भी है कि दलों का प्रचार भी लोकसभा चुनाव में इस प्रकार का नहीं हो रहा है कि लोगों में उत्साहवर्धन हो।

## अधिक और कम मतदान का कारण हर राज्य की अलग राजनीतिक परिस्थितियां होना है

वरिष्ठ पत्रकार ऋषि पांडे ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कम मतदान के जो कारण हैं, उसमें मुख्यताः एक मौसम और



दूसरा शादी ब्याह का सीजन है। आमतौर पर कम मतदान को राजनीतिक दल अपने-अपने नजरिए से लेते हैं, लेकिन कहीं बहुत ज्यादा, कहीं बहुत कम मतदान हुआ है। हर राज्य की अलग राजनीतिक परिस्थितियां होती हैं। मप्र में हम यदि 2014 के आंकड़ों से तुलना करें, तो आज का मतदान लगभग इसके आसपास ही बैठता है, लेकिन 2019 के मतदान से तुलना करें तो बहुत बड़ा अंतर नजर आता है। इसे सत्ता पक्ष के प्रति मतदाता की उदासीनता के तौर पर भी देखा जा सकता है और अति आत्मविश्वास भी कहा जा सकता है।

### कम वोटिंग लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं

*गौर करने लायक बात यह भी है कि 2014 में इसी मतदान के आंकड़े के आधार पर भाजपा ने 27 और कांग्रेस ने दो सीटों पर विजय हासिल की थी। हर राज्य के साथ-साथ हर लोकसभा सीट के भी अलग अलग कारण होते हैं, इसलिए इसका कोई मुख्य कारण नहीं कहा जा सकता है कि कम मतदान सत्ता पक्ष को नुकसान और विपक्ष को लाभ पहुंचा सकता है। इसका कोई स्पष्ट कारण नजर तो नहीं आता है, लेकिन कम मतदान होना लोकतंत्र की सेहत के लिए जरूर सही नहीं माना जा सकता है।*

**कांग्रेस ओबीसी, दलित व आदिवासियों के अधिकार छीनना चाहती है**

## विरासत टैक्स और आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण के पीछे कांग्रेस के छिपे हैं खतरनाक इरादेः चौहान

कांग्रेस विरासत टैक्स लगाकर जातियों में देश को बांटकर परंपरा खत्म करना चाहती है

कांग्रेस का हिडन एजेंडा सामने आया, देश की जनता इन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस विरासत टैक्स लगाकर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासियों के अधिकार छीनना चाहती है। कांग्रेस विरासत टैक्स से जातियों में देश को बांटकर भारत की परंपरा को खत्म करना चाहती है। विरासत टैक्स और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के पीछे कांग्रेस के खतरनाक इरादे हैं। कांग्रेस का हिडन एजेंडा देश के सामने आ गया है, जिसे देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने यह बात मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि विरासत टैक्स इंदिरा गांधी के निधन के समय राजीव गांधी ने हटाया था, किंतु कांग्रेस इसे दोबारा लाना चाहती है। विरासत टैक्स लगाकर कांग्रेस देश की परंपरा को समाप्त करना चाहती है। यह टैक्स पहले था, लेकिन स्व. इंदिरा गांधी के निधन के बाद स्व. राजीव गांधी ने इस टैक्स को समाप्त किया था। राजीव ने अपनी मां स्व. श्रीमती गांधी की संपत्ति उन्हें मिले, इसलिए यह टैक्स हटाया था।

सैम पित्रोदा के बयानों से अब भले कांग्रेस चाहे बचने का रास्ता तलाशे, लेकिन कांग्रेस का हिडन एजेंडा देश के सामने आ गया है, जिसे जनता स्वीकार नहीं करेगी।

### कांग्रेस के असली इरादे क्या हैं, स्पष्ट करें सोनिया व राहुल गांधी

*पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सैम पित्रोदा सामान्य नेता नहीं हैं। वे राहुल गांधी के गुरू हैं। वे राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी के भी सलाहकार रह चुके हैं। सैम पित्रोदा जैसे नेता कांग्रेस को विचार देते हैं और कांग्रेस उन विचारों को क्रियान्वित करती है, लेकिन कांग्रेस को यह समझना होगा कि यह अमेरिका नहीं है। अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है, लेकिन यह भारत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस रास्ते पर चल रही है वो भारत का रास्ता नहीं है, वो खतरनाक है। एक तरफ विरासत टैक्स लगाने की बात करते हैं, और दूसरी तरफ जातिगत जनगणना करने की बात करते हैं। कितने टुकड़ों में देश और समाज को बांटना चाहते हो। भारत और देश की जनता कभी इसको स्वीकार नहीं करेगी। मैं स्पष्ट रूप से सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूंछना चाहता हूं कि उनके असली इरादे क्या हैं, वो जनता को बताएं। किनारा करने से काम नहीं चलेगा।*

## सीएम ने किया प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मप्र भाजपा विदेश विभाग द्वारा और ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी द्वारा आयोजित एमपी बियांड बाउंड्रीज, प्रवासी भारतीयों के साथ वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने विदेशों में रह रहे मप्र के नागरिकों से चर्चा करते हुए अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आप और हम मप्र को आगे ले जाने के लिए प्रयास करें। मप्र की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया आभार**

## आपका एक वोट विकसित भारत के संकल्प को करेगा पूराः विष्णुदत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश में लोकसभा के दूसरे चरण के मतदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का एक वोट देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करता है। एक वोट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अधिकतम मतदान के लिए कार्य किया है, उनको भी मैं धन्यवाद देता हूं। मतदान में जिस प्रकार से जनता ने आगे बढ़कर भाग लिया है, उसका आभार मानता हूं। अभिनंदन करता हूं।

### मतंगेश्वर महादेव के किए दर्शन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को खजुराहो में मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो से पार्टी प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा ने बूथों का निरीक्षण किया।

**ईवीएम-वीवीपेट को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-**

# कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को सर्वोच्च न्यायालय ने दिखाया आईना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

6 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के बाद शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि ईवीएम-वीवीपेट को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया फैसला विपक्ष के चेहरे पर करारा तमाचा है।

ईवीएम पर संदेह करने वाली कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को सर्वोच्च न्यायालय ने आईना दिखाया है। ईवीएम के बारे में दुष्प्रचार करके विपक्षी दलों ने प्रजातंत्र को नुकसान



पहुंचाने का कार्य किया है। निराशा और हताशा से भरी कांग्रेस चुनावों में मिल रही लगातार हार का ठीकरा ईवीएम पर डालकर बचने का प्रयास कर रही थी। हमें संतोष है कि निर्वाचन आयोग पर प्रश्न खड़ा करने वाले विपक्षी दलों के सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर अपने फैसले से सबक सिखाता रहा है।

### कांग्रेस ने किया जनता के मन में संदेह पैदा करने का प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबसे अधिक सबक कांग्रेस को लेने की जरूरत है, क्योंकि कांग्रेस और उसके नेताओं ने ही देश की जनता के मन में ईवीएम को लेकर संदेह पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया है। ईवीएम-वीवीपेट को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के आज आए फैसले का भारतीय जनता पार्टी स्वागत करती है। आज पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की, भारत की निर्वाचन प्रक्रिया की वाहवाही करती है।


### यह उत्साह बढ़ाने वाला है, एक तरह से नए रिकॉर्ड बनाने वाला है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने द्वितीय चरण के चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हमारे संगठन ने पूरी ताकत लगाकर जनता के बीच जागरूकता फैलाने और मतदाताओं को निकालने का काम किया है। मतदाताओं ने जिस ढंग से भाजपा के प्रति उत्साह दिखाई दिया, वो हमारे लिए ऊर्जा का केंद्र रहा और हमारी ताकत रही। वोटिंग प्रतिशत के आंकलन के आधार पर भाजपा बहुत अच्छी स्थिति में है और सभी सीटें भाजपा जीतने वाली है। बारह सीटें पर अभी तक पोलिंग हुई है और बारह सीटों का रुझान पक्ष में गया है। यह उत्साह बढ़ाने वाला है, एक तरह से नए रिकॉर्ड बनाने वाला है।*

## दलों को आरोपों के बजाय आत्म निरीक्षण करना चाहिए

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त रावत ने ऐतिहासिक बताया**

सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने ईवीएम व वीवीपैट को हटाकर पोस्टल बैलेट से चुनाव कराने संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को बड़ा फैसला दिया है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि इससे बैलेट पेपर से मतदान कराने के किसी भी तरह की चर्चा पर अब पूर्ण विराम लग गया है। राजनैतिक पार्टियों को किसी भी तरह की आलोचना के बजाय आत्म निरीक्षण करना चाहिए। रावत सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हरिभूमि से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद बैलेट पेपर से चुनाव कराने के किसी भी



तरह की चर्चा पर पूरी तरह से विराम लग गया है। दूसरी तरफ कोर्ट ने साफ कर दिया कि एक क्षेत्र में 5 पोलिंग स्टेशन का ही वीवीपैट से निकली पर्ची की गणना की जाएगी। तीसरी बात माइक्रो कंट्रोलर के बारे में कोर्ट ने जो डायरेक्शन दिया है, वह सही है। चुनाव परिणाम के 7 दिनों के भीतर शिकायत करना होगा। इसके बाद ही गणना की जाएगी। इसके बाद होने वाली शिकायत पर कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा। इस पर भी यदि शिकायतकर्ता की शिकायत झूठी पाई जाती है तो इस पर आने वाले खर्चे की जवाबदारी संबंधित शिकायतकर्ता की होगी। यह राशि उससे वसूली जाएगी।

### लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष भी जरूरी हैः रावत

रावत ने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट की शिकायत करने वाली पार्टियों को आत्म निरीक्षण करना चाहिए। किसी व्यवस्था पर ठीकरा फोड़ने के बजाय आत्ममंथन कर इसमें सुधार करना चाहिए, किंतु पार्टियां ऐसा न करके आलोचना को तरजीह देती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष भी जरूरी है। आखिर में विपक्ष नहीं रहेगा तो लोकतंत्र कैसे चलेगा। पर ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि अपनी तरफ की कमियों को दूर करने के बजाय दूसरे पर आरोप लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी यदि कोई इससे उपर के कोर्ट में जाना चाहता तो लोकतंत्र में इसकी व्यवस्था है।

# वैशाख माह में तीज-त्योहारों की रहेगी धूम, विकट संकष्टी चतुर्थी का व्रत आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदू नववर्ष का दूसरा माह वैशाख मंगलवार से शुरू हो गया है। इस माह से भगवान शिव की पूजा खासतौर पर की जाती है। ये माह 23 मई तक चलेगा। मंदिरों में वैशाख माह की शुरुआत से ही भगवान शिवलिंग के ऊपर मटके रखे गए हैं। पूरे माह भगवान भोलेनाथ को इससे ठंडा जल चढ़ेगा। इसके अलावा मंदिरों में अब भगवान की दिनचर्या भी बदल जाएगी। भगवान को ठंडे पद्धार्थों का भोग लगाया जाएगा तो वहीं शनिवार को वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि सुबह 8 बजकर 17 मिनट पर शुरू होगी और यह तिथि 28 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 21 मिनट तक मान्य रहेगी। इस माह में विशेष रूप से अक्षय तृतीय पर्व रहेगा। इस बार गजकेसरी योग बना रहा है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं.रामजीवन दुबे ने बताया कि इस माह में भगवान भोलेनाथ को या शिवलिंग पर जल चढ़ाने अथवा गलंतिका बंधन करने का (पानी की मटकी बांधना) विशेष पुण्य बताया जाता है। धर्मशास्त्र में इस माह का विशेष उल्लेख किया गया है, जिसके अन्तर्गत चौराहों पर प्याऊ लगाना, छायादार वृक्ष की रक्षा करना, पशु-पक्षी के खान-पान की विशेष व्यवस्था करवाना एवं श्रद्धा से भगवान शिव को संतृप्त करना ये सभी सात्विक कर्म मनुष्य जीवन को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। इस दृष्टि से यह माह विशेष पुण्य फलदायी माना गया है।



**इस माह मनेगी भगवान परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में होंगी शादियां**

### 3 राशि वालों के लिए रहेगा शुभ

पं.रामजीवन दुबे ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी योग और धन योग बन रहे हैं। जो 3 राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहेंगे। वहीं दूसरी ओर इस दिन सूर्य और शुक्र की मेष राशि में युति हो रही है, जिससे शुक्रादित्य योग बन रहा है। इसके साथ ही मीन राशि में मंगल और बुध की युति से धन योग, शनि के मूल त्रिकोण राशि कुंभ में होने से शश योग और मंगल के अपनी उच्च राशि मीन में रहकर मालव्य राजयोग और वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बन रहा है।

### ये रहेंगे पर्व

27 अप्रैल- विकट संकष्टी चतुर्थी
4 मई - वरुथिनी एकादशी, वल्लभाचार्य जयंती
5 मई - प्रदोष व्रत
6 मई - मासिक शिवरात्रि
8 मई - वैशाख अमावस्या
10 मई - अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती
11 मई - विनायक चतुर्थी
19 मई - मोहिनी एकादशी
20 मई - प्रदोष व्रत (शुक्ल)
23 मई - वैशाख पूर्णिमा व्रत, बुद्ध पूर्णिमा

## खबर संक्षेप

### डीपीआई ने जारी किए 9वीं व 11वीं के परिणाम

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय ने 9वीं और 11वीं कक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। 9वीं में 63 प्रतिशत और 11वीं में 83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 9वीं के परीक्षा परिणाम में 80 प्रतिशत के साथ डिंडौरी जिले ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। भोपाल जिला का नंबर 21वां है। 11वीं के परिणाम में 93 फीसदी अंकों के साथ मुरैना जिला पहले नंबर है, जबकि भोपाल जिले का 25वां नंबर है। दोनों कक्षाओं में करीब 2.38 लाख विद्यार्थी फेल हो गए हैं। लगभग 83 हजार विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री मिली है।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

**भोपाल।** राजधानी के रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागृह में शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र.2 का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इसमें भारत की अप्रतिम विविधता और एकता को गीत, संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से दर्शाया गया। मुख्य अतिथि अंकुर मेश्राम, अपर कलेक्टर और समारोह अध्यक्ष निर्मला बुडानिया, सहायक आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल संभाग एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से समारोह का शुभारंभ किया।

### प्रतियोगी परीक्षा मार्ग दर्शन पर कार्यशाला

**भोपाल।** राजधानी के भेल स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडआन कोर्स (मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम) एसबीआई के सेवानिवृत एजीएम गोपाल राठोर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में बैंक, रेलवे, यूपीएससी, पीएससी , इनकमटेक्स, टेलीफोन विभाग आदि द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित किया गया।

### बिना लाइट दौड़ रहे ई रिक्शे, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार ने भोपाल जिले में बिना हैडलाइट के रात में तेज रफ्तार से ई-रिक्शे के संचालन के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई के संबंध में प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर में ई-रिक्शे के बिना हैडलाइट जलाए रात में तेज रफ्तार से चलाए जा रहे हैं। ई-रिक्शा चालक द्वारा रात में बैट्री बचाने के लिए बिना हेड लाइट और ब्रेक लाइट जलाए ही रिक्शे चलाए जा रहे हैं। इसके कारण दुर्घटना होने की आशंका रहती है।

## 85 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए वोट फ्रॉम होम शुरू

# बिस्तर पर बैठीं 92 साल की पेप कंवर और बुजुर्ग बसंत ने किया मतदान

**सात विधानसभा क्षेत्रों में 90 रूट पर टीमों ने कराई वोटिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार से वोट फ्राम होम का काम शुरू कर दिया गया है, जिसके तहत जिले की सात विधानसभा क्षेत्र के 1763 मतदाताओं के वोट उनके घर पर ही डलवाए जा रहे हैं, जिसमें 85 से अधिक उम्र के 1448 और 315 दिव्यांग वोट शामिल हैं। यह वह वोटर्स हैं, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं और पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते, उनके लिए शुक्रवार से वोट फ्रॉम होम सुविधा शुरू की गई है। इसमें पहले दिन 1503 बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों ने पोस्टल बैलेट से वोट डाले। दो दिन तक बुजुर्ग और दिव्यांग घरों से वोट दे सकेंगे। पहले दिन शुक्रवार को 90 रूट पर पोलिंग टीमों को घर-घर भेजा गया। बैरसिया की ग्राम पंचायत गढ़ाकलां की 92 वर्षीय पेप कंवर ने घर से ही वोट डाला। वहीं, नरेला विधानसभा क्षेत्र में मतदाता बसंत पेंडसे ने खटिया पर बैठकर ही पोस्टल बैलेट से मतदान किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडेय ने बताया कि भोपाल में वोट फ्रॉम होम सुविधा दो दिन तक रहेगी। एक रूट पर 10-20 तक वोटर हैं। शनिवार को 30 रूट पर टीमें जाएंगी।




**कलेक्टर को देखकर खुश हुई भानुमति**

दक्षिण-पश्चिम विस क्षेत्र के हर्ष वर्धन नगर माता मंदिर निवासी बुजुर्ग भानुमति देवी ने भी पोस्ट बैलेट से घर पर ही मतदान किया। इस दौरान कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को देखकर वह खुश हो गईं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में भी घर से ही वोट दिया था। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की।

**सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मतदान**

85 से अधिक उम्र के 1448 और 315 दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोटिंग कराई जा रही है। ऐसे में शुक्रवार को जिन मतदाताओं का मतदान नहीं हो पाया, उनके घर शनिवार को टीमें पहुंचकर मतदान कराएंगी। इन लोगों से बीएलओ ने कुछ समय पहले फॉर्म भरवाए थे। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे।



**पोस्टल बैलेट में 22 उम्मीदवारों के नाम**

भोपाल लोकसभा सीट से 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जबकि ईवीएम में 2 बैलेट यूनिट यानी दो बीयू लगेंगी। बैलेट यूनिट में कांग्रेस कैंडिडेट अरुण श्रीवास्तव पहले, बीजेपी के आलोक शर्मा दूसरे और बसपा के भानुप्रताप सिंह यादव तीसरे नंबर पर हैं। पोस्टल बैलेट में 22 उम्मीदवारों के नाम दर्ज हैं, जिसमें उम्मीदवारों के चुनाव चिन्ह भी दर्ज हैं।

**बॉयो सीएनजी प्लांट लगाने का काम जल्द शुरू**

# आदमपुर खंती में नई मशीन लगाकर दो शिफ्टों में तेजी से होगा कचरा निष्पादित

## कचरा निष्पादन की गति धीमी होने से संबंधित ग्रीन रिसोर्स कंपनी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने आदमपुर लैंडफिल साइड का निरीक्षण कर नई मशीन लगाकर सभी मशीनों को दो शिफ्टों में चलाकर कचरे का निष्पादन तीव्र गति से करने के निर्देश दिए हैं। क्योंकि वहीं इस काम में देरी होने से कचरे का पहाड़ बन गया है। बॉयो सीएनजी प्लांट की भूमि को शीघ्रता से क्लीयर करने, अतिशेष कचरे के लिए एक और नवीन लैंडफिल साइड का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा है।

आयुक्त के अनुसार आरडीएफ का परिवहन एवं विक्रय तेज गति से करने, नये कचरे को प्रतिदिन निष्पादित करना चाहिए। उन्होंने कचरा निष्पादन की असंतोषजनक प्रगति पर संबंधित ग्रीन रिसोर्स कम्पनी को नोटिस जारी किया। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों से कैप्सूल के माध्यम से आए मिक्स कचरे पर नाराजगी व्यक्त भी की। संबंधित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों के स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं के साथ सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को कार्यालय तलब किया। निगम आयुक्त ने आदमपुर लैंडफिल साइट पर पर्याप्त दमकलों की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त टीना यादव, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि, कन्सल्टेंट एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**आनंद नगर हायर सेकंडरी स्कूल में तेजस्वी कार्यक्रम**



# छात्रों ने बनाए विभिन्न मॉडल, खान पान में भी दिखाए अपने हुनर

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के सर्वज्ञ विकास के लिए तेजस्वी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल आनंद नगर में तेजस्वी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तेजस्वी कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुशील पंवार ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए छात्रों की प्रतिभा को निखारने एवं उनका रोजगार पर शिक्षा से जोड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

यह मध्य प्रदेश शासन की बहुत ही सराहनीय पहल है इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया एवं खान-पान में भी अपने हुनर दिखाएं।

# संपादक प्रमोद भारद्वाज, जीएम डॉ. नीरज पांडेय व प्रसार प्रबंधक शशिकांत चतुर्वेदी ने पुरस्कार बांटे







**भोपाल।** शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में पाठक पुरस्कार-2023 के पुरस्कारों का वितरण किया गया, जिसमें 9वां पुरस्कार कैटल फ्लास्क शुभम राठौर कैलाश नगर, सेमराकलां भोपाल, ज्ञान सिंह चोलकर एफ-29, अर्जुन नगर, भोपाल, कृष्णदयाल फाइन एवेन्यू फेस-1, नयापुरा कोलार रोड, भोपाल को दिया गया।

## एनपीएस खातों का अब जिला कोषालय में ही होगा सुधार

**भोपाल।** एनपीएस धारक कर्मचारियों के खातों में जन्मदिन नियुक्ति दिनांक सेवा निवृत्ति दिनांक एवं नाम परिवर्तन की समस्या का निराकरण अब पेंशन संचानालय के स्थान पर जिला कोषालय से ही किया जाएगा। यह व्यवस्था परिवर्तन संचालनालय पेंशन भविष्य एवं बीमा ने किया है।

मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि एनपीएस खातों में सुधार के लिए पहले कर्मचारियों को जिले से भोपाल आना पड़ता था तथा पेंशन संचनालय में आवेदन पत्र लगाकर निराकरण की गुहार लगानी पड़ती थी। कर्मचारी मंच लंबे समय से पेंशन संचालक से मांग कर रहा था कि एनपीएस खातो में सुधार जिला कोषालय स्तर से किया जाए, जिससे कर्मचारियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। कर्मचारी मंच की मांग पर अब संचालनालय पेंशन भविष्य एवं बीमा कार्यालय भोपाल ने जिला कोषालयों को जिम्मेदारी देकर एनपीएस धारक कर्मचारियों को सुविधा प्रदान की है।

## भोपाल स्टेशन पर 'शक्ति कलश' का पूजन कर लगाया भोग

**भोपाल।** बालाघाट में एक से चार दिसंबर तक होने वाले 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के 'शक्ति-कलश' का भोपाल स्टेशन पर पूजन-माल्यार्पण मप्र जोन भोपाल के परिजनों ने प्रेरक युग संगीत के साथ किया। इनमें गायत्री परिवार के रामराव चढ़ोकर, रामराव बोखड़े, अशोक सक्सेना, अशोक स्वर्णकार, कमलेश मिश्रा, ओपी विश्वकर्मा, राकेश मिश्रा, एमडी उपाध्याय, पीएन. देशमुख, चैनसिंह पटले ने शांतिकुंज में शैलवाला एवं डॉ. प्रणव पंड्या द्वारा चैत्र शुक्ल पूर्णिमा हनुमान जयंती पर पूजित शक्ति कलश पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण कर भोग लगाया।



**मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिला प्रशासन का नवाचार**

## स्लम एरिया के बच्चों ने देखी ड्राइव इन-सिनेमा में न्यूटन फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न बस्ती क्षेत्र के बच्चों और उनके अभिभावकों को लेक व्यू स्थित ड्राइव-इन-सिनेमा (ओपन सिनेमा) में न्यूटन फिल्म दिखाई गई। इस नवाचार के माध्यम से जिले के स्लम एरिया में मतदान प्रतिशत में वृद्धि करना है। मूवी देखने आए बच्चों में प्रिंशी गौर, यश बिंझाड़े, प्रिंश, पूनम, अंजली पाल, एकता सोंधिया, हेमन्त राय पम्मी वर्मा, दिव्यांशी, अनिकेत ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम अपने माता-पिता से जाके जरूर कहेंगे कि वे 7 मई को मतदान करने अवश्य जाएं। इधर, बच्चों को मतदान की प्रक्रिया और उसके महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से न्यूटन मूवी का चयन किया गया है। मूवी देखकर बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने मतदान के महत्व को समझा।



# अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र से चोरी करने वाली दो महिलाएं और कबाड़ी गिरफ्तार

## तीनों से चोरी का करीब डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी पुलिस ने अचारपुरा की फैक्ट्रियों में चोरी करने वाली दो महिलाओं और चोरी का माल खरीदने वाले एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से चोरी का करीब डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया गया है। पकड़ी गई महिलाएं कचरा और पन्नी बीनने की आड़ में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहीं थीं। आरोपियों से इलाके में हुई कई अन्य वारदातों के खुलासे की उम्मीद है।

पुलिस के अनुसार विजय नगर लालघाटी थाना कोहेफिजा निवासी हरीश देवनानी के अचारपुरा स्थित फैक्ट्री से कॉपर वायर के करीब 35 रोल चोरी हुए थे। उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट करीब एक महीने पहले 22 मार्च को दर्ज कराई थी। उसके बाद पंचवाटी कॉलोनी एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा निवासी सुशील कुमार चावला की अचारपुरा स्थित फैक्ट्री से इलेक्ट्रिक मोटरें और कॉपर वायर समेत अन्य सामान चोरी हुआ था। सुशील ने इसकी रिपोर्ट 14 अप्रैल को थाने में दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को कुछ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मिले थे, जिसमें संदिग्ध महिलाएं वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दी थी। उसके बाद आरोपी महिलाओं की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई थी। गत दिवस पुलिस ने औद्योगिक इलाके में कचरा और पन्नी बीनने वाली दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गुजिया बाई (35) और प्रियंका बाई (22) दोनों निवासी ग्राम अगरिया कालापीपल थाना ईंटखेड़ी बताया। फैक्ट्रियों में हुई चोरी की वारदात को लेकर पूछताछ करने पर महिलाओं ने उक्त दोनों वारदातों को अंजाम देना बताया। सामान के बारे में पूछने पर बताया कि उक्त माल उन्होंने ग्राम हराखेंड़ा निवासी कबाड़ी अनीस मियां (38) को बेचना बताया। अनीस संजय नगर शाहजहांनाबाद का रहने वाला है और हराखेंड़ा में कबाड़े का काम करता है। पुलिस ने अनीस को गिरफ्तार कर खरीदा गया चोरी का माल बरामद कर लिया है।

### हत्या के प्रयास के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** राजधानी की एक अदालत ने पुरानी रंजिश पर युवक पर छुरी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी दीपक मालवीय, कुलदीप सहेले और मनीष आमंगे को भादंसं की धारा-307, 34 और 506 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 3 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यह फैसला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय नील करोठिया की अदालत ने सुनाया है। प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अर्जुन उधवानी ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार पुलिस थाना बैरागढ़ अंतर्गत 31 मार्च 2012 को रात 12: 20 बजे आरोपियों ने फरियादी अविनाश गौहर को छुरी मारी थी।

**बिल्डर के तीन पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

# फ्लैट के नाम पर 77 लाख रुपए ले लिए, फिर भी नहीं दिए फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर बिल्डर के तीन पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने फ्लैट के नाम पर 77 लाख रुपए ले लिए और फ्लैट नहीं दिए। पुलिस के अनुसार इटारसी में रहने वाले दवेंद्र कुमार झा प्राइवेट नौकरी करते हैं। करीब ग्यारह साल पहले वर्ष 2013 में उन्होंने कोलार रोड स्थित यूनी होम्स में फ्लैट बुक किया था। उनके साथ चार अन्य रिश्तेदारों ने भी फ्लैट बुक किए थे। सभी लोगों ने मिलकर कंपनी को करीब 77 लाख रुपए का भुगतान किया था। उसके बाद किसी को भी न तो फ्लैट मिले और न ही रुपए वापस किए गए। पुलिस ने इस मामले में कंपनी के तीन पदाधिकारियों अमित खनेजा, सुमित खनेजा और एसके अरोरा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### गिरवी रखी कार नहीं लौटाई, अमानत में खयानत का मामला दर्ज

अशोका गार्डन पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर इंदौर में रहने वाले उसके दोस्त पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। युवक ने रुपए की जरूरत होने पर अपनी कार दोस्त के पास गिरवी रखी थी। गिरवी की रकम लौटाने के बाद भी दोस्त ने कार नहीं लौटाई। पुलिस के अनुसार अशोका गार्डन में रहने वाले साईं किरण ठाकुर के पास एक होंडा सिटी कार थी। पिछले साल अक्टूबर 2023 में उन्हें रुपए की जरूरत थी। उन्होंने इंदौर में रहने वाले दोस्त अमित सोनकर से बात की तो वह कार गिरवी रखकर पैसे देने के लिए तैयार हो गया। दोनों के बीच साढ़े चार लाख रुपए का अनुबंध हुआ था। कार लेने के बाद अमित ने सवा लाख रुपए साईं किरण को दे दिए। बाकी रुपए नहीं देने पर साईं किरण ने कार वापस मांगी तो अमित कहने लगा कि पहले पैसे लौटाओ। साईं किरण ने सवा लाख रुपए वापस कर दिए, जिसके बाद अमित कार लौटाने में आनाकानी करने लगा। परेशान होने के बाद भी साईं किरण को जब उनकी कार नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने अमित के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री आज शिवपुरी एवं गुना में करेंगे चुनाव प्रचार

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव शनिवार को शिवपुरी एवं गुना में चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 11.20 बजे शिवपुरी के करेरा विधानसभा, दोपहर 12.20 बजे कोलारस विधानसभा और दोपहर 1.30 बजे गुना जिले के बामोरी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।



मतदान के दौरान कई शहरों में तीखी झड़पें

# भागलपुर में वोट बहिष्कार करने वालों ने मचाया तांडव, मतदान करने वालों को बूथ के बाहर पीटा, बंगाल में 'लटका' मिला भाजपा कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

बिहार के सूबे में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच जिलों में मतदान हुआ। शुक्रवार को समयनुसार सुबह से ही लोग मतदान के लिए बूथ पर कतारबद्ध दिखे। हालांकि चिलचिलाती धूप के कारण मतदाताओं की संख्या काफी कम देखी गई।

प्रशासन ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कवायद की, जबकि आमजनों के बीच कहीं न कहीं प्रत्याशियों को लेकर नाराजगी है। इसकी जीती जागती तस्वीर भागलपुर जिले के सुल्तानगंज प्रखंड से सामने आ रही है।भागलपुर के सुलतानगंज स्थित बूथ संख्या 192 पर मतदान के दौरान ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार किया है। दूसरे गांव के 6लोग जब वोट डालकर निकले तो ग्रामीणों ने उन वोटरों की पिटाई शुरू कर दी। स्थिति तनावपूर्ण होती इसके पहले पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा लिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीण और पुलिस के बीच भी झड़प हो गई। इस तीखी नोकझोंक में एक युवक का सिर फट गया।

## बिहार में मतदाताओं और पुलिस के बीच भिड़ंत, इस दौरान युवक का सिर फूटा

सुलतानगंज स्थित बूथ संख्या 192 पर वोट का बहिष्कार

पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा लिया



### ग्रामीणों को समझाती रही पुलिस

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से ही सिर में गंभीर चोट आई है। डीएसपी चंद्रभूषण मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया।पूरे इलाके में पुलिस बल द्वारा गशती तेज कर दी गई है। भागलपुर के सुलतानगंज विधानसभा बूथ संख्या 192 पर मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार कर दिया। पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया। इसमें पुलिस और ग्रामीण में झड़प हो गई। झड़प में एक युवक का सिर फट गया।

### बंगाल में भी बवाल — पूर्व मेदिनीपुर में भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए तीन सीटों पर मतदान हुआ। चुनाव के बीच पूर्व मेदिनीपुर में भाजपा के एक कार्यकर्ता की फंदे से लटकी लाश बरामद की गई है। बीजेपी कार्यकर्ता की लाश मिलने के बाद बवाल मच गया है।बीजेपी कार्यकर्ता की पहचान दीनबंधु मड्या के तौर पर हुई है। वह मोयना गांव का रहने वाला था। परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या की गई है। हत्या का आरोप टीएमसी कार्यकर्ताओं पर लगा है।



इन सीटों पर मतदान

मोयना में भाजपा कार्यकर्ता की लाश ऐसे समय पर मिली है, जब दूसरे चरण में राज्य की 3 सीटों दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो रहा है। पूर्व मेदिनीपुर में छठे चरण में मतदान है, लेकिन उससे पहले भाजपा कार्यकर्ता की लाश मिलने से मामला गरमा गया है।

### पूर्व सीएम बघेल के साथ धक्का-मुक्की



रायपुर। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव सीट के लिए वोटिंग हुई। टेढ़ेसरा में भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और जबरदस्त विवाद हुआ। पूर्व सीएम भूपेश बघेल से धक्का-मुक्की हुई।

### भाजपा सांसद तेजस्वी के खिलाफ एफआईआर



कर्नाटक से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। सूर्या पर धर्म के आधार पर वोट मांगने का आरोप लगा है। 25 अप्रैल को जयानगर थाने में तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## मतदान के अहम नजारे



**कोलकाता।** राज्यपाल रवि ने सपत्नीक डाला वोट।



**जोधपुर।** एक ही परिवार की 5 पीढ़ियों ने किया मतदान।




**थालाई।** त्रिपुरा के थालाई में नदी पार करके लोकतंत्र को मजबूती दी।



**जम्मू।** व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने पहुंचा वृद्ध।



**बेंगलुरु।** वित्तमंत्री अंगुली दिखाती हुईं।



बेंगलुरु। एमडी मजूमदार ने डाला



**अमरोहा।** व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने पहुंचा युवक।

पीएम मोदी ने मुगेर और मालदा में इंडी गठबंधन को घेरा

# देश से ओबीसी का हक छीन रही कांग्रेस, धर्म के आधार पर आरक्षण कभी भी नहीं हो सकता

एजेंसी ▶▶ पटना

पीएम नरेंद्र मोदी सीमांचल के ही अररिया जिले में जनसभा में कांग्रेस की तुष्टिकरण पर प्रहार करते हुए कर्नाटक के वाकये को जनता के सामने लाया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में चुपके से अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर हकमारी के लिए इसमें मुसलमानों को शामिल करा दिया और अब वह पूरे देश में इसे लागू करना चाहती है। वह इसके बाद एससी-एसटी की भी ऐसी हकमारी करेगी। कांग्रेस मूलतः देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे को चोरी करने का खेल खेला है। इनके कोटे से आरक्षण काटकर पीछे खेल खेला है। ओबीसी समाज के आंखों में धूल झोंककर रातों-रात मुस्लिम समाज के अगड़े-अमीरों को ओबीसी बना दिया। परिणाम यह हुआ कि ओबीसी समाज का बहुत बड़ा हक मुस्लिमों के खाते में चला गया। बिहार में भी कांग्रेस यही खेल खेलना चाहती है।



### मालदा में विपक्ष पर गरजे पीएम मोदी

#### हजारों करोड़ों के स्कैम के सिवा यहां कुछ नहीं किया

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं।पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ टीएमसी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है- हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चीट फंड, पशु तसकरी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतना जनता को पड़ता है।

**वे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बताते हैं**

पीएम ने कहा कि बिहारवासियों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप ओबीसी के हक को लूटने देंगे? इनकी नजर ओबीसी के हक पर है। तुष्टीकरण के दलदल में कांग्रेस और राजद इतनी धंस गई है कि यह लोग बाबा साहेब के संविधान की परवाह नहीं कर रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में कांग्रेस ने ओबीसी कोटे पर डाका डालकर धर्म के आधार आरक्षण देने की कोशिश की थी।

**किसी भी धर्म के हों, गरीबों का हक सबसे ज्यादा है**

पीएम मोदी ने कहा कि इस देश के संसाधनों पर अगर पहला हक किसी का है, तो वह मेरे देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का है। वह किसी भी जाति-धर्म के हों, अगर वह गरीब हैं तो देश के संसाधनों पर पहला हक उनका है। कांग्रेस ने देश के हिंदुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है।

राहुल गांधी ने कसा तंज

### जल्द पीएम की आंखों से आंसू भी निकलेंगे

**बेंगलुरु।** पीएम चुनावी रैलियों में कांग्रेस और राहुल गांधी पर जुबानी हमले कर रहे हैं। राहुल कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली में पीएम पर बरसे। उन्होंने पीएम पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जल्द ही ऐसा होने की संभावना है कि पीएम सार्वजनिक रूप से राजनीतिक रैली के दौरान आंसू बहाते दिखें। हम डिप्लोमा होल्डर, कॉलेज ग्रेजुएट, यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट को एक साल की नौकरी का अधिकार देंगे।



अखिलेश ने बोला हमला

### भाजपा ने गोदाम में रख लिए सारे भ्रष्टाचारी

**एटा।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी कन्नौज सीट से चुनावी मैदान में उतरने वाले है। नामांकन के बाद से ही अखिलेश यादव भाजपा पर ज्यादा हमलावर हो गए हैं और आज उन्होंने भाजपा ने जाने वाले नेताओं को लेकर पूरे एनडीए को आड़े हाथों लिया है। अखिलेश ने एटा में एक जनसभा को संबोधिथ करते हुए भाजपा पर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने सारे भ्रष्टाचारियों को अपने गोदाम में रख लिया है। वे एटा में होने वाले मतदान को लेकर वोट मांगने पहुंचे थे।



भाजपा अध्यक्ष नड्डा का दावा

### एससी-एसटी और ओबीसी का हक छीन लेगी कांग्रेस



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। एक वीडियो संदेश जारी कर यह बताया। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में गृहमंत्री शाह ने कहा

### मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर चल रही कांग्रेस



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में विजय बघेल के पक्ष में सभा करते कहा कि कांग्रेस मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे लेकर चल रही है। उन्होंने बिरनपुर की हिंसा के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भुनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया इसके बाद हमने उनके पिता को प्रत्याशी बनाया। ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता का सुपड़ा साफ कर दिया। बेमेतरा जिला दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में आता है। उन्होंने बिरनपुर की हिंसा के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भुनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया इसके बाद हमने उनके पिता को प्रत्याशी बनाया। ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता का सुपड़ा साफ कर दिया। यहां 7 मई को तीसरे चरण में वोटिंग होनी है। भाजपा ने मौजूदा सांसद विजय बघेल को भी प्रत्याशी बनाया है इनका मुकाबला कांग्रेस के राजेंद्र साहू से होना है।

पंजाब से किया गिरफ्तार

# सलमान के घर गोली चलाने वाले 30 तक पुलिस हिरासत में



एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में मुंबई की एक अदालत ने पंजाब से गिरफ्तार दो आरोपियों को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

आरोपियों ने शूटर्स को हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए थे। इन आरोपियों ने शूटर्स को हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए थे। पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है कि उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए। पुलिस ने दो पिस्तौल, मैगजीन बरामद कीं।

### पूछताछ में होंगे अहम खुलासे

पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है कि उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए और उन्हें पहले गिरफ्तार किए गए दो शूटरों को हथियार देने के लिए किसने कहा। पुलिस ने आरोप लगाया है कि चंदर और थापन 15 मार्च को शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को दो देशी पिस्तौल और 38 जिंदा राउंड सौंपने के लिए पनवेल (मुंबई के पास रायगढ़ जिले में) आए थे।

### ये है मामला

बता दें कि गुप्ता और पाल ने मोटरसाइकिल पर मौके से भागने से पहले 14 अप्रैल की सुबह बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 58 वर्षीय खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की। उन्हें 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया था।

## केजरीवाल सरकार को दिल्ली हाईकोर्ट की कड़ी फटकार

आप हमारी शक्तियों को हल्के में मत लीजिए, आप हमारी शक्ति को कम आंक रहे

# केजरीवाल को सिर्फ सत्ता का मोह, वे स्वार्थ को 'राष्ट्रहित' के ऊपर रख रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2 लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने में विफल रहने पर केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और आपके नेतृत्व वाली एमसीडी को फटकार लगाई है।

हाईकोर्ट ने कहा, दिल्ली सरकार सिर्फ सत्ता के इस्तेमाल में ही रुचि रखती है और अपनी गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर अरविंद ने व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के ऊपर रखा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर केजरीवाल सरकार पर ये तीखी टिप्पणियां कीं। इस पीआईएल में यह मुद्दा उठाया गया है कि एमसीडी के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं।

2 लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने में विफल रहने पर फटकार




### स्टैंडिंग कमेटी का गठन न होना ठोस कारण नहीं

पिछली सुनवाई के दौरान अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए एमसीडी आयुक्त ने कोर्ट से कहा था कि नोटबुक, स्टेशनरी आइटम, ड्रेस और स्कूल बैग के वितरण न होने का एक प्रमुख कारण एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी का गठन न होना है और केवल स्थायी समिति के पास ही 5 करोड़ से अधिक मूल्य के अनुबंध देने की शक्ति और अधिकार क्षेत्र है।

#### सरकार ने कहा- सीएम हिरासत में हैं

दिल्ली सरकार के वकील ने शादान फरासात ने बताया कि मंत्री सौरभ भारद्वाज से मिले निर्देश में कहा गया है कि एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी की अनुपस्थिति में प्राधिकारी को शक्तियां सौंपने के लिए सीएम की सहमति जरूरी है। हिरासत में होने से यह नहीं हो पा रहा है।

### आप हमें सख्त टिप्पणी करने को मजबूर न करें

सीएम के हिरासत में होने की दलील पर कोर्ट ने कहा, 'यह आपकी मर्जी है क्योंकि आपने कहा था कि सीएम के हिरासत में होने के बावजूद सरकार काम करती रहेगी। आप हमें उस रास्ते पर जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिस पर हम नहीं जाना चाहते। हमने अपने सामने आई जनहित याचिकाओं में कई बार ऐसा कहा है कि लेकिन यह आपके प्रशासन की मर्जी है। अगर आप चाहते हैं कि हम इस पर टिप्पणी करें, तो हम पूरी सख्ती के साथ ऐसा करेंगे। इसके बाद फरासत ने कोर्ट को एमसीडीके पास स्थायी समिति नहीं होने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने अवैध रूप से पार्षदों की नियुक्ति की थी और यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है। साथ ही फरासान ने कोर्ट से यह भी कहा कि दिल्ली सरकार के पास वैसे भी ज्यादा शक्तियां नहीं हैं।

## दो हादसों में 10 लोग काल कवलित

# खड़े ट्रक से पीछे से टकराई कार, छह लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में को एक कार खड़े ट्रक के पीछे वाले हिस्से से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई।

पुलिस बताया कि कार में सवार पांच महिलाओं समेत सात लोग रायसिंह नगर से जा रहे थे। घायल महिला को उपचार के लिये अनूपगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम और पहचान के लिये अस्पताल की शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वाहन पेड़ से टकराया चार लोगों की मौत

**रायबरेली।** रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के मालिन पुरवा गांव के पास तड़के बारातियों की स्कार्पियो के पहले पुलिया से और फिर पेड़ से टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाराती लालगंज के कटहरिन के पुरवा गांव से वापस लौट रहे थे। रायबरेली- सुलतानपुर रोड पर मालिन का पुरवा गांव के पास गाड़ी पुलिया से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। वाहन सवार सभी लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर घायलों का इलाज चल रहा है।

# तीनों सेनाओं को मिले 112 मेडिकल ग्रेजुएट, सशस्त्र बलों में दिया गया कमीशन

एजेंसी ▶▶| पुणे

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड गुरुवार को पुणे में आयोजित हुई। जिसमें पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को 25 अप्रैल को एक शानदार समारोह में सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने वालों में वरिष्ठ सेवारत अधिकारी, अनुभवी, संकाय अधिकारी, चिकित्सा और नर्सिंग कैडेट, कमीशन प्राप्त कैडेटों के माता-पिता और परिवार शामिल थे। एएफएमसी में शानदार पासिंग आउट परेड समारोह लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोटवाल, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, निदेशक और कमांडेंट और मेजर जनरल गिरिराज सिंह, डीन और डिप्टी कमांडेंट, एएफएमसी के संरक्षण में आयोजित किया गया।

*पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में गुरुवार को समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया।*

- डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की
- मित्र देशों के 5 कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए
- परेड की कमान मेडिकल कैडेट सुशील कुमार सिंह ने संभाली
- 112 कैडेटों में से 27 जेंटलमैन कैडेट हैं और 25 महिला कैडेट भी

### सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन



### पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करें: महानिदेशक

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैडेटों की अनुकरणीय शैक्षणिक उपलब्धियों के अनुरूप कमीशनिंग समारोह के बाद शैक्षणिक पुरस्कार प्रस्तुति समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंग ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान किया गया।

### जनरल दलजीत सिंह ने की परेड की समीक्षा

रक्षा मंत्रालय मुताबिक पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में गुरुवार को समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह थे। डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने संभाली।

### 58वें बैच के कैडेटों ने किया प्रदर्शन

एएफएमसी के 58वें बैच के कैडेटों ने एमयूएचएस शीतकालीन 2023 परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया और मित्र देशों के 5 कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 27 जेंटलमैन कैडेट हैं और 25 महिला कैडेट हैं। बता दें कि इनमें से 88 को सेना, 10 को नौसेना और 14 को वायु सेना में नियुक्त किया गया है।



## खबर संक्षेप

### इटली की पीएम मेलोनी ने पीएम मोदी को किया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से जून में वहां होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण मिला है। पीएम मोदी ने 25 अप्रैल को इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की और जून में पुगलिया में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन के वास्ते निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने ने मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री मेलोनी और इटली के लोगों को शुभकामनाएं दीं। ग्लोबल साउथ का समर्थन करने पर चर्चा की।

### भारतीय कंपनियों पर अमेरिका ने लगाया बैन



**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के साथ कारोबार करने वाली एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया है। अमेरिका द्वारा जिन कंपनियों पर बैन लगाया है उसमें तीन कंपनियां भारतीय हैं। कंपनियों पर आरोप है कि रूस-युक्रेन युद्ध में इन कंपनियों ने रूस की मदद के लिए ईरान की सहायता से ड्रोन भेजे थे। इन कंपनियों ने ईरान के साथ मिलकर रूस के लिए डील में मदद की थी। ईरान द्वारा हुए इस डील में सहारा थंडर मुख्य कंपनी थी। इसी कंपनी ने ईरान के ड्रोन्स को अन्य देशों के साथ व्यापार करने में मदद की थी।

### आईजीआई एयरपोर्ट पर फर्जी पायलट दबोचा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों ने एक फर्जी पायलट को धर दबोचा। वह पिछले दो साल से यहां पायलट बनकर आता रहा है, लेकिन किसी को उसके फर्जी होने की भनक नहीं लगी। उसके पास सिंगापुर एयरलाइंस की एक फर्जी आईडी भी मिली है। आरोपी पायलट का नाम एस सिंह है और वह द्वारका में रहता है। टर्मिनल-3 के बाहर पायलट के रूप में एक युवक को अपनी सेल्फी लेते हुए कंट्रोल रूम की सीसीटीवी में दिखने पर अधिकारियों को शक हुआ।

### नीदरलैंड विश्व ऊर्जा सम्मेलन में बोले इरेडा के सीएमडी प्रदीप कुमार दास

# भारत 2070 तक 'नेट जीरो उत्सर्जन' हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा आगे

एजेंसी ▶▶| एम्स्टर्डम

नीदरलैंड में चल रहे विश्व ऊर्जा सम्मेलन में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास में कहा कि भारत का वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म-ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। उन्होंने वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उन्होंने इंगित किया कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है।

*इरेडा के सीएमडी ने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा के बारे में जानकारी साझा की और देश के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के कार्य को आगे बढ़ाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।*

- *2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म-ईंधन ऊर्जा का लक्ष्य*
- *नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में विश्व स्तर पर भारत चौथे स्थान पर*
- *ऊर्जा परिवर्तन के कार्य में तेजी लाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका*
- *विश्व ऊर्जा कांग्रेस पैनल ने मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट पर भी चर्चा*



### 'नई परस्पर निर्भरता: विश्वास, सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन' पर चर्चा

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने नीदरलैंड में विश्व ऊर्जा कांग्रेस के 26वें संस्करण में 'नई परस्पर निर्भरता: विश्वास, सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया। उसने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के कार्य को आगे बढ़ाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

### बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर

ऊर्जा संकट पर भी चर्चा की गई। सीएमडी ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविधीकरण और मजबूत बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मजबूत बिजली नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्रीय बाजारों को एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बांड बाजार को मजबूत बनाने की भी वकालत की।

### इरेडा का लक्ष्य


सीएमडी ने हरित अर्थव्यवस्था के प्रति इरेडा की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कंपनी निवेश करना, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना और सुधारों की वकालत करना जारी रखे हुए है। जैसे-जैसे भारत 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने आगे बढ़ रहा है। इरेडा स्थायी और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करते हुए आगे बरकरार है।

### एनबीएफसी के रूप में कार्य करती है इरेडा

देश की सबसे बड़ी विशुद्ध हरित वित्त पोषण करने वाली एनबीएफसी के रूप में इरेडा ऊर्जा परिवर्तन के कार्य में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सीएमडी ने जोखिमों को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नवीन वित्तीय साधनों के उपयोग पर जोर दिया।

### हिंदुस्तानी लड़के का दिल हुआ मैच

## पाकिस्तान की लड़की के सीने में धड़का... 'हिंदुस्तानी' दिल



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

भारत के डॉक्टरों ने पाकिस्तान की लड़की के सीने में जब हिंदुस्तानी लड़के का दिल धड़काया तो पाकिस्तानी भी इसके मुरीद हो गए। कराची की रहने वाली आयशा रशन पिछले 5 सालों से दिल की बीमारी से पीड़ित थीं। 2019 में वह इलाज के लिए भारत आईं। डॉक्टरों ने पेस मेकर लगाया, लेकिन उसे दिक्कत आने लगी। आयशा के लिए एक भारतीय लड़के का दिल मैच हुआ, जिसके बाद चेन्नई के अस्पताल में उनका हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। इसका डॉक्टरों ने एक भी पैसा नहीं लिया। जबकि इस पर 35 लाख रुपए खर्च आया है। इससे पाक के लोग भारत के फेन हो गए।

### कराची जा रहा भारतीय दिल

तरार ने कहा कि इससे ज्यादा बड़ी बात क्या हो सकती है कि एक पाकिस्तानी बच्ची किसी भारतीय का दिल लेकर कराची आ रही है। तरार ने कहा कि अब वो लड़की कह सकती है कि दिल है हिंदुस्तानी। उन्होंने पाकिस्तान से लोगों से अपील की कि वे इसे देखें और इस बात को समझें कि भारत उनके लिए कितना अच्छा है। पाकिस्तान के लोगों को भारत से रिश्ते ठीक करने पर जोर देना चाहिए। 2019 में कार्डियक अरेस्ट के बाद आयशा पहली बार भारत आई थी। उस समय डॉक्टर बालाकृष्णन ने हॉर्ट ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी।

### पूरे पाक को भारत का शुक्रिया अदा करना चाहिए

पाकिस्तानी एक्सपर्ट साजिद तरार ने कहा भारतीय डॉक्टरों ने जो किया है, उसके लिए पूरे पाकिस्तान को भारत का शुक्रिया अदा करना चाहिए। डॉक्टर केआर बालाकृष्णन और डॉक्टर सुरेश राव को अपना हीरो बताते हुए कहा मेरा दिल करता है कि जाकर उनके हाथ चूम लूं। उन्होंने न सिर्फ इस बच्ची का इलाज किया बल्कि उसका 35 लाख का खर्च भी अपनी जेब से दिया।

### दस्तक दे रहा अस्तित्व पर संकट

## जापान की आबादी में होंगे आधे बुजुर्ग, तेजी से घट रही जन्मदर



एजेंसी ▶▶| टोक्यो

जापान की आबादी 2008 में 128 मिलियन यानी 12.8 करोड़ थी। जो 2022 में घटकर 125 मिलियन यानी 12.5 करोड़ ही रह गई। अनुमान है यदि आबादी घटने की यही रफ्तार रही तो 2100 तक जनसंख्या 63 मिलियन ही रह जाएगी।

### अब एक और अनुमान

अब एक और डराने वाला अनुमान यह है कि जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2100 तक 41.2 पर्सेंट हो जाएगी। इसका अर्थ है कि करीब आधे लोग जापान में बुजुर्ग ही होंगे। जापान में 2022 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 64 साल यानी कामकाजी आबादी की 59 पर्सेंट ही रह गई, जो 20 साल पहले 68 पर्सेंट थी। 2100 तक यह आंकड़ा तेजी से कम होते हुए 51.2 तक ही ठहर जाएगा। जापान की इस घटती आबादी के कई कारण हैं। पहला यह कि बच्चों को पैदा करने और उनकी परवरिश में लोग बड़ा खर्च कर रहे हैं।

### अमेरिकी प्रतिबंधों की ढूंढी काट

## आईएनएटीसी कॉरिडोर को भारत रूस और ईरान करेगा विकसित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाना एक बड़ा हथियार बन चुका है। यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही अमेरिका और कई विकसित देशों ने रूस पर आर्थिक समेत कई किस्म के प्रतिबंध लगाए थे। ईरान-इजराइल के बीच तनानती के बीच भी अमेरिका ने ईरान पर बैन लगाए। ईरान से दोस्ती करने और व्यापार समझौते करने पर पाक को इसी तरह की पाबंदी की धमकी दी गई। ईरान से डील करने पर भारत की तीन कंपनियों समेत



एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों पर भी अमेरिका ने पाबंदी लगी दी है। कंपनियों पर आरोप है कि यूक्रेन युद्ध में ईरान की तरफ से रूस को ड्रोन भेजे गए थे, जिसकी डील में ये शामिल रहे हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने मान्यताओं के खिलाफ जाने वाले देशों को इस तरह से प्रतिबंधित कर दंडित किया है।

तालिबान को व्यापार में आसानी, सदमे में पाक

## ईरान चाबहार पोर्ट को लेकर भारत को 20 साल बाद मिली सफलता

एजेंसी ▶▶| तेहरान

भारत ने समुद्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए हुए ईरान के चाबहार पोर्ट पर एक बड़ी सफलता हासिल की है। भारत और ईरान ने दो दशकों से अधिक समय से चल रहे प्रयासों के बाद चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए एक दीर्घकालिक अनुबंध को अंतिम रूप दिया है। चुनाव के बाद इस अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे। चुनाव के बाद भारत के जहाजरानी मंत्री के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के ईरान का दौरा करने की योजना है, जहां भारत की मदद से विकसित इस बंदरगाह पर देश के नियंत्रण का रास्ता खुलेगा।



### बंदरगाह को भारत ने किया है विकसित

सिस्तान-बलूचिस्तान के समुद्र पर स्थित इस रणनीतिक महत्व के बंदरगाह को भारत ने विकसित किया है। ईरान दूतावास के एक प्रतिनिधि ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट अंतिम चरण में है। हम भारतीय प्रतिनिधिमंडल के ईरान जाने का इंतजार कर रहे हैं। ईरानी दूतावास के प्रवक्ता महदी अस्फंदियारी ने बताया कि यह दोनों पक्षों के लिए बहुत अच्छा और फायदेमंद समझौता है।

### संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की रिपोर्ट जारी

## सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों व दकियानूसी सोच को मिल रहा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें डिजिटल टैक्नॉलॉजी से पढ़ाई-लिखाई और सीखने-सिखाने में मदद तो मिली है, मगर सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों व दकियानूसी सोच को भी बढ़ावा मिल रहा है और लड़कियों के मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण पर नकारात्मक असर हो रहा है। 'प्रौद्योगिकी अपनी शर्तों पर' नाम की यह रिपोर्ट यूनेस्को ने 25 अप्रैल को प्रकाशित की।



### बचाव के उपायों पर जोर

शिक्षा में अधिक स्तर पर निवेश किए जाने की अहमियत को रेखांकित किया गया है। खासतौर पर मीडिया व सूचना साक्षरता के विषय में साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, यूनेस्को के दिशानिर्देशों के अनुरूप स्मार्ट ढंग से नियामन किया जाना होगा।

### लड़कियों में बढ़ सकता मानसिक तनाव

सोशल मीडिया पर मल्टीमीडिया सामग्री के उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन इससे लड़कियों के यौन सामग्री से लेकर ऐसे वीडियो की जद में आने का ख़तरा है, जिनमें अनुचित बर्ताव या शारीरिक सुन्दरता के अवास्तविक मानकों का महिमांडन किया गया हो। इससे लड़कियों के लिए मानसिक तनाव बढ़ सकता है, उनके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

**फेसबुक की रिसर्च का उल्लेख**

रिपोर्ट में फ़ेसबुक की रिसर्च का उल्लेख किया है। 32 फ़ीसदी किशोर लड़कियों ने बताया कि उन्हें अपने शरीर के बारे में बुरा महसूस होता है और इस वजह से इंस्टाग्राम नामक चैनल पर तो स्थिति और भी दयनीय है। वहीं, टिकटोक नामक चैनल पर संक्षिप्त अवधि के वीडियो शेयर किए जाते हैं।

### लड़कियों के लिए नकारात्मक छवि

सोशल मीडिया पर जिस तरह लड़कियों के लिए नकारात्मक दकियानूसी छवियों को गढ़ा जाता है, वो उन्हें विज्ञान, टैक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग व गणित विषयों में पढ़ाई से दूर ले जा सकती है। तस्वीर-आधारित यौन सामग्री, एआई से तैयार झूठी तस्वीरों व वीडियो (डीपफ़ेक) के ऑनलाइन व कक्षाओं में शेयर किए जाने से हालात और जटिल हो रहे हैं।

### भारत के लिए खतरा

## नहीं मान रहे मुइज्जू-शी, फिर मालदीव पहुंचा जासूसी जहाज

एजेंसी ▶▶| माले

मालदीव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी के संसदीय चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद माले और बीजिंग में दोस्ती और गहरी होने लगी है। भारत से दुश्मनी कर चीन की गोद में खेल रहे मालदीव में चीनी रिसर्च जहाज जियांग यांग होंग 3 वापस लौट आया है। इस पोत पर जासूसी जहाज होने का आरोप लगता रहा है और इसी वजह से भारत, अमेरिका जैसे देशों के लिए यह जहाज टेंशन की तरह है। चीनी जासूस जहाज को



मालदीव के थिलाफुशी औद्योगिक द्वीप के बंदरगाह पर खड़ा किया गया है। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सीमा के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद जहाज पहली बार 22 फरवरी को पहुंचा था। लगभग छह दिन बाद रवाना होने के बाद जहाज वापस ईईजेड सीमा में चला गया था।

# टी20 में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की रोहमालिया ने की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है। दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा। लेकिन तभी कोई खलिाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है। ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है। इस इंडोनेशियाई किशोरी रोहमालिया ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल (पुरुष और महिला) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है। ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है।




### महिला टी20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| खिलाड़ी | देश | बॉलिंग | विरोधी | साल |
|---|---|---|---|---|
| रोहमालिया | इंडोनेशिया | 7/0 | मंगोलिया | 2024 |
| ओवरडिज्क | नीदरलैंड | 7/3 | फ्रांस | 2021 |
| एलिसन स्टॉक्स | अर्जेंटीना | 7/3 | पेरु | 2022 |
| अंजलि चंद | नेपाल | 6/0 | मालदीव | 2019 |
| गोएबिलवे | बोत्सवाना | 6/1 | लेसोथो | 2023 |



### 6-0 से जीती सीरीज

बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए थे। इसके बाद इंडोनेशिया के गेंदबाजों ने मंगोलिया को 24 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंडोनेशिया ने इसके साथ ही 24 अप्रैल को छठा मैच खेला, इस तरह सीरीज 6-0 से जीत ली।

### 20 डॉट गेंदें फेंकी

बाली में मंगोलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के पांचवें टी20 इंटरनेशनल में स्पिनर रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, ये सभी डॉट गेंदें रहीं। इस दौरान रोहमालिया ने सात बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया। अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में 7 विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

### पुरुष वर्ग का ओवरऑल रिकॉर्ड

पुरुषों की टी20ई में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा मलेशिया के सयाजरुल एजात इद्रस के नाम हैं, जिन्होंने पिछले साल चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। यह मैच कुआलालम्पुर में 26 जुलाई 2023 को खेला गया। सयाजरुल की गेंदबाजी की वजह से चीन की टीम महज 11.2 ओवर्स में 23 रनों पर लुढ़क गई। यह टी-20 क्रिकेट इतिहास में तीसरा सबसे न्यूनतम स्कोर रहा। तब सयाजरुल ने पुरुषों के टी20 इंटरनेशनल मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के पीटर अहो के रिकॉर्ड को तोड़ा था। पीटर ने यह रिकॉर्ड नाइजीरिया के लिए खेलते हुए 2021 में सिएरा लियोन के खिलाफ बनाया था। पीटर ने तब 5 रन देकर 6 विकेट लिए थे।



### फुल मेंबर देशों का रिकॉर्ड दीपक चाहर के नाम

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के पूर्ण सदस्यों वाले देशों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के स्पेल का रिकॉर्ड भारत के दीपक चाहर के नाम है। चाहर ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट निकाले थे। वहीं, चाहर के साथ संयुक्त रूप से इस पोजीशन पर युगांडा के दिनेश नाकरानी भी हैं। दिनेश ने 2021 में लेसोथो के खिलाफ युगांडा के लिए 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
14 विकेट
पंजाब

बाउंड्री मीटर
1296 चौके
771 छक्के

### आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली, खराब फार्म से जूझ रही मुंबई को देगी चुनौती


**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

आईपीएल
कोलकाता को आठ गेंद बाकी रहते आठ विकेट से रौंदा

# पंजाब का रिकॉर्ड सबसे सफल रन चेज बेयरस्टो का शतक, शशांक की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पंजाब किंग्स ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने आईपीएल के 17 सीजन के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया है। पंजाब ने 262 रन के लक्ष्य को मात्र 18.4 ओवर में चेज कर लिया। यानी आखिर में आठ गेंद बाकी रह गए। 262 रन आईपीएल इतिहास का सबसे सफल चेज है। इससे पहले आईपीएल 2020 में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 226 रन चेज किए थे। पंजाब के लिए जीत के हीरो जॉनी बेयरस्टो, शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह रहे। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 261 रन बनाए थे। फिल सॉल्ट ने 37 गेंद में 75 रन और सुनील नरेन ने 32 गेंद में 71 रन की पारी खेली। जवाब में प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंद में 54 रन की पारी खेल पंजाब को तूफानी शुरुआत दिलाई। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद में 108 रन और शशांक सिंह ने 28 गेंद में 68 रन की नाबाद पारी खेल पंजाब को जीत दिलाई। इस मैच में 42 छक्के लगे, जो कि आईपीएल इतिहास के किसी मैच में सबसे ज्यादा हैं।




जॉनी बेयरस्टो
प्लेयर ऑफ द मैच
108* रन
48 गेंद
08 चौके
09 छक्के



शशांक सिंह
68* रन
28 गेंद
02 चौके
08 छक्के

### बेयरस्टो-शशांक का धमाल

बेयरस्टो अर्धशतक पूरा करने के बाद और ज्यादा आक्रामक हो गए। बेयरस्टो ने 45 गेंद में आईपीएल में अपना दूसरा शतक लगाया। यह आईपीएल में पांच साल बाद उनका शतक था। पिछली बार उन्होंने 2019 में सनराइजर्स हैदराबाद में रहते हुए आरसीबी के खिलाफ 114 रन की पारी खेली थी। शशांक ने 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

### टी-20 : सबसे सफल रन चेज

| टीम | खिलाफ | लक्ष्य |
|---|---|---|
| पंजाब किंग्स | केकेआर | 262 |
| द. अफ्रीका | वेस्टइंडीज | 259 |
| मिडिलसेक्स | सरे | 253 |
| ऑस्ट्रेलिया | न्यूजीलैंड | 244 |

### नरेन और सॉल्ट की फिफ्टी

सुनील नरेन और फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। सुनील के 32 गेंद में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 71 रन और सॉल्ट की 37 गेंद में 75 रन की पारियों से कोलकाता ने छह विकेट पर 261 रन बनाए। सुनील और सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए 63 गेंद में 138 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। इसी सत्र में कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 272 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 | 37 | 6 | 6 |
| नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 | 32 | 9 | 4 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 | 23 | 3 | 2 |
| रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 | 12 | 2 | 2 |
| अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 | 10 | 1 | 3 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 05 | 04 | 1 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 06 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 261/6
गेंदबाजी : सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप 4-0-45-2, हर्षल 3-0-48-1, रबाडा 3-0-52-0, चाहर 4-0-33-1, बरार 2-0-21-0.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 54 | 20 | 4 | 5 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 | 48 | 8 | 9 |
| रोसोऊ का श्रेयस बो नारायण | 26 | 16 | 1 | 2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 | 28 | 2 | 8 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 18.4 ओवर में 262/2
गेंदबाजी : चमीरा 3-0-48-0, राणा 4-0-61-0, रॉय 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0.4-0-9-0.

### वर्ल्ड कप: सेमीफाइनल में दीपिका तीरंदाजों के 4 पदक हुए पक्के

**शंघाई।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया।

तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित



टीम ने फाइनल में जगह बनाई । मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल हैं जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में हैं।

### हर वो बल्ला मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही। क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं।




गुरु कप इंटर स्कूल फुटबॉल

### आर्मी पब्लिक और बिल्लाबोंग स्कूल फाइनल में, मैच आज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बीयू परिसर के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग के खेल मैदान पर भारत भूषण त्रिपाठी गुरु कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। इनमें पहला मैच बिल्लाबोंग स्कूल व डीपीएस कोलार के बीच खेला गया।

इस मैच में बिल्लाबोंग स्कूल ने 4-0 से मैच को जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच शौर्य राइट विंग बिल्लाबोंग स्कूल रहे। दूसरा मैच आर्मी पब्लिक स्कूल विरुद्ध सेंट थॉमस स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल ने 3-2 से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच का मैन ऑफ द मैच सेंट थॉमस स्कूल के हर्ष चौहान को मिला। आज के मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ फुटबॉल कोच जयप्रकाश सिंह, शर्मिला बारीक जीडी ऑफिस, सीजे जॉयसन स्कूल शिक्षा विभाग ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### फाइनल से पहले तीसरे स्थान के लिए सेंट थॉमस और डीपीएस कोलार के बीच मैच

आयोजन सचिव पंकज मेहरा ने बताया कि कल 27 अप्रैल को आईकॉनिक स्कूल भोपाल के मैदान में भव्य फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। पहला मैच तीसरे स्थान के लिए सेंट थॉमस स्कूल विरुद्ध डीपीएस कोलार के बीच खेला जाएगा। उसके उपरांत स्कूलों में बालिका वर्ग के फुटबॉल को बढ़ावा मिले इसलिए बालिका वर्ग की टीम का प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शन मैच रखा गया है। इसके लिए भोपाल के समस्त स्कूलों की बालिकाओं को दो टीमों में विभाजित कर यह प्रदर्शन मैच कराया जाएगा। इसके उपरांत फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा, जो आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल व बिल्लाबोंग स्कूल के बीच खेला जाएगा। शनिवार सुबह 11:30 बजे प्रतियोगिता का समापन समारोह आईकॉनिक स्कूल में किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया व द्रोणाचार्य अवार्ड क्रिकेट मुमताज खान, प्राचार्य आईकॉनिक स्कूल डॉ. संजय भारद्वाज तथा असिस्टेंट डायरेक्टर खेल एवं युवक कल्याण विभाग जलज चतुर्वेदी उपस्थित रहेंगे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930